दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 283

ग्वालियर, शनिवार 02 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## उदयपुर में तनाव के बीच जगन्नाथ यात्रा और जुमें की नवाज, प्रशासन ने दी कर्फ्यू में ढील

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में एक दर्जी (टेलर) कन्हैयालाल की वीभत्स हत्या के जिले के सात थाना क्षेत्रों में लगे कर्फ्यू के बीच शुक्रवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। प्रशासन ने कहा है कि यात्रा के लिए तय रूट पर कर्फ्यू में ढील दी गई है। हालांकि, शहर के बाकी हिस्सों में कर्फ्यू कायम है और 4 से अधिक लोगों के जुटने की इजाजत नहीं है, मुसलमानों के लिए जुम्मा पहले की तरह नहीं होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी जो अपनी पहचान गोपनीय रखना चाहते हैं, ने कहा कि एक ही दिन जुमा और यात्रा होने से सांप्रदायिक तनाव की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हमने दोनों समुदायों से शांति की अपील की है। दिन शांतिपूर्ण रहे इसके लिए हमने सभी तरह के प्रबंध किए हैं। मंगलवार शाम से ही शहर कर्फ्यू में है। हत्या के बाद से ही दुकानें, बाजार बंद हैं। इंटरनेट पर भी रोक है। जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार रात जारी एक बयान में कहा गया, %%भगवान जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा आज निकलेगी। प्रशासन ने इसके लिए कर्फ्यू में ढील दी है। दूसरे स्थानों पर पहले की तरह





कर्फ्यू रहेगा। प्रशासन ने यह भी कहा है कि जिन इलाकों में कर्फ्यू में ढील दी जाएगी, वहां यात्रा के बाद दोबारा कर्फ्यू प्रभावी हो जाएगा। प्रशासन ने कहा है कि यात्रा रूट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ड्रोन से नजर रखी जाएगी। आयोजकों के साथ बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई है। मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों को भी विश्वास में लिया गया है। कोरोना महामारी की वजह से पिछले दो सालों से यात्रा स्थगित थी। इस बार अलग वजह से शहर में कर्फ्यू है। कन्हैयालाल की अंतिम यात्रा में बुधवार को 2 हजार से अधिक लोग जुटे थे। गुरुवार सुबह हत्याकांड के विरोध में इससे कहीं अधिक संख्या में लोग टाउनहॉल में जुटे। शाम को जिस वक्त आरोपियों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, बड़ी संख्या में वकील समेत प्रदर्शनकारी जुट गए और जमकर नारेबाजी की। मुसलमानों की अधिक आबादी वाले इलाके खांजीपीर में कर्फ्यू अभी भी बेहद सख्त है। दोनों आरोपी इसी इलाके में रहते थे। यहां रह रहे कुछ हिंदू परिवारों की एक-दो दुकानें ही खुलीं। कुछ सब्जी और फल बेचने वाले भी हिंदू हैं। अधिकतर मुस्लिम परिवार अभी घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं।

## पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को किया फोन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात की। रिपोर्ट के मुताबिक इस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और विभिन्न वैश्विक



मुद्दों पर चर्चा के साथ ही पुतिन की भारत यात्रा के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। ज्ञात हो कि बातचीत उस वक्त में हुई है जब यूक्रेन संकट के चलते वैश्विक स्तर पर उठापटक का दौर जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से वार्ता में यूक्रेन की स्थिति पर भारत के लंबे समय से चले आ रहे रुख को दोहराया। साथ ही मामले का बातचीत और कूटनीति के द्वारा समाधान निकालने का समर्थन किया। भारतीय प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने दिसंबर 2021 में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने कृषि वस्तुओं, उर्वरकों और फार्मा उत्पादों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रोत्साहित करने के तौर तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## सनकी तानाशाह का दावा, उत्तर कोरिया का पहला कोविड केस एलियन ने फैलाया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अपने अजीब फैसलों और बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। किम ने कोरोना को लेकर ऐसा दावा और लॉजिक दिया कि आप अपना सिर पकड़ लें।



तानाशाह ने दावा किया है कि देश में पहला कोविड केस एलियन ने फैलाया है। तानाशाह ने अपने दावे में कहा है कि दक्षिण कोरिया की सीमा के पास से एलियंस ने गुब्बारें में वायरस भरकर फेंका था। जिससे उनके देश में कोरोना वायरस फैला। रिपोर्ट के मुताबिक, किम जोंग का कहना कि जांच के बाद पाया गया है कि गुब्बारों में वायरस भरकर एलियंस ने द.कोरिया की सीमा के पास से उसके देश में कोरोना वायरस को फैलाया है। वहीं, अपने जांच परिणामों की घोषणा करने के बाद उत्तर कोरिया ने 'सीमा रेखा और सीमाओं के साथ के क्षेत्रों में हवा और अन्य जलवायु घटनाओं और गुब्बारों से आने वाली विदेशी चीजों से सतर्कता से निपटने का आदेश दिया है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया के मुताबिक, उत्तर कोरिया ने कहा है, '18 साल का एक सैनिक और पांच साल का एक किंडरगार्टनर अप्रैल की शुरुआत में कुमगांग के पूर्वी काउंटी में बैरकों और आवासीय क्वार्टरों के आसपास अज्ञात सामग्रियों के संपर्क में आए थे।

# पैगंबर मोहम्मद विवाद पर शीर्ष कोर्ट ने नूपुर शर्मा को लगाई फटकार, कहा- टीवी पर पूरे देश से मांगे क्षमा

**नई दिल्ली।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद साहब पर दिए गए कथित बयान के लिए नूपुर शर्मा को देश की शीर्ष अदालत ने कड़ी फटकार लगाई है। पैगम्बर मोहम्मद को लेकर की गई टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि? नूपुर शर्मा की बयानबाजी की वजह से उदयपुर जैसा दुखद मामला सामने आया है। वह एक पार्टी की प्रवक्ता हैं, इसका मतलब नहीं कि वो कुछ भी बोल सकती हैं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि हमने टीवी डिबेट को देखा है। उन?होंने भड़काने की कोशिश की, लेकिन उसके बाद उन्होंने जो कुछ कहा, वो शर्मनाक है। उन्हें टीवी पर पूरे देश से क्षमा मांगनी चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में आगे कहा कि नूपुर शर्मा के बयान ने देश भर में लोगों की भावनाओं को भड़का दिया है। आज जो कुछ देश में हो रहा है, उसके लिए वो जिम्मेदार हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि पुलिस ने जो कुछ किया है, उस पर हमारा मुंह मत खुलवाइए। उन्हें अब मजिस्ट्रेट के सामने पेश होना चाहिए। यह टिप्पणी उनके घमंडी रुख को दिखाता है। अगर वह किसी पार्टी की प्रवक्ता हैं तो उन्हें कुछ भी कहने का हक नहीं मिल जाएगा। कोर्ट ने कहा कि नूपुर शर्मा ने जिनके खिलाफ शिकायत की, उनको गिरफ्तार कर लिया गया, मगर नूपुर शर्मा को कुछ नहीं हुआ। दरअसल, पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर यह मांग की है कि उनके खिलाफ अलग-अलग राज्यों में जितने भी केस दर्ज हैं, उन सभी को दिल्ली ट्रांसफर किया जाए। इसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। बता दें कि नूपुर शर्मा के खिलाफ दिल्ली, कोलकाता, बिहार से लेकर पुणे तक कई मामले दर्ज हैं। दरअसल, नूपुर शर्मा ने अपनी अर्जी में जान से मारने की धमकी का हवाला देते हुए उनके खिलाफ देशभर के अलग-अलग राज्यों में तमाम केस को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की है। नूपुर शर्मा ने कहा कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है, लिहाजा अलग-अलग राज्यों में पूछताछ में उनकी जान को खतरा है। इसलिए यह मांग है कि सुप्रीम कोर्ट अलग-अलग राज्यों में दर्ज तमाम मामलों की सुनवाई के लिए केस दिल्ली ट्रांसफर कर दे। बीते दिनों उन्होंने दिल्ली पुलिस से सुरक्षा भी मांगी थी। गौरतलब है कि वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग को लेकर एक टीवी डिबेट के दौरान नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित रूप से विवादित टिप्पणी की थी, जिसकी वजह से उनकी आलोचना हुई। इतना ही नहीं, कथित टिप्पणी को लेकर पार्टी की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल को भी निष्कासित कर दिया गया था। यहां बताना जरूरी है कि दिल्ली पुलिस ने नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, विवादित संत यती नरसिंहानंद और अन्य के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सार्वजनिक शांति भंग करने और लोगों को भड़काने वाले संदेश पोस्ट तथा साझा करने के लिए प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

## कांग्रेस नेत्री रेणुका चौधरी ने नूपुर शर्मा को लेकर भाजपा नेतृत्व को घेरा, बोली- महिला को बनाया बलि का बकरा



**नई दिल्ली।** पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में फंसी भाजपानेत्री नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने उन्हें टीवी पर जाकर पूरे देश से माफी मांगने के लिए कहा है। यही नहीं कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि आपको खतरा नहीं है बल्कि पूरे देश को आपके बयान से खतरा पैदा हो गया है। यही नहीं कोर्ट ने कहा कि आज जो देश में हालात पैदा हो गए हैं, उदयपुर में जो घटना हुई है, उसके पीछे आपका बयान ही है। इसके चलते लोग उकसावे में आए हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती टिप्पणियों पर अब राजनीतिक दलों के भी रिएक्शन आने लगे हैं। कांग्रेस की महिला नेता रेणुका चौधरी ने इस मामले में भाजपा की लीडरशिप को ही घेरा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को ही कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए। रेणुका चौधरी ने कहा, इस मामले में क्या भाजपा माफी नहीं मांगेगी। यह बुनियाद तो उसकी ओर से ही रखी गई है। भाजपा को देश के अल्पसंख्यकों से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें कान पकड़ने चाहिए, वरना आपके हालात भी ऐसे ही होंगे। भाजपा ने घूम फिरकर महिला को बलि का बकरा बना दिया है। क्या भाजपा में कोई मर्द नहीं है, जो आगे आकर माफी मांग ले। इन लोगों को तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। रेणुका चौधरी ने कहा कि नूपुर शर्मा ने जो कहा, वह गलत है। क्या भाजपा जिम्मेदार नहीं है और उससे पल्ला झाड़ लिया गया है। कभी तो आप आगे बढ़कर सच स्वीकार करना सीख लो। मैंने सोचा कि भाजपा में मर्द हैं, लेकिन शायद कोई नहीं है। रेणुका से पहले कांग्रेस के ही राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भी भाजपा पर निशाना साधा।

## पश्चिम बंगाल से पंजाब तक मानसून की दस्तक, दिल्ली में पहली बारिश ने तोड़ा 14 साल का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** इस बार मानसून की दस्तक समय के साथ होने के साथ दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते हुए पूरे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख पर छा गया है। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों पर भी गुरुवार को मानसून छा गया। मौसम विभा (आईएमडी) का कहना है कि अगले 24 घंटों के अंदर मानसून पूरे पंजाब, हरियाणा के अलावा राजस्थान के कुछ हिस्सों को कवर कर लेगा। इससे इन इलाकों में अच्छी बारिश होगी। दिल्ली में तो मानसून की पहली बारिश ने ही 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दिल्ली में सफदरजंग वेधशाला ने गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे से महज छह घंटों के अंदर 110 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जो कम से कम 14 वर्षों में जून में किसी दिन होने वाली सबसे ज्यादा बारिश है। राजधानी में 18 जून 1936 को 235.5 मिमी. बारिश हुई थी जो अब तक का रिकॉर्ड है। दिल्ली में जून में औसतन 65.5 मिमी. बारिश होती है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से लेकर पंजाब तक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी वाली हवाएं देश के उत्तरी हिस्सों तक आ रही हैं। इसकी वजह से हिमाचल, पंजाब, यूपी और पश्चिमी राजस्थान में 1 जुलाई को भी कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है। दिल्ली, हरियाणा में 1 और 2 जुलाई को अच्छी बारिश का अनुमान है। पूर्वी राजस्थान में 3 जुलाई तक और उत्तराखंड में अगले 5 दिनों तक कुछ इलाकों में तेज बारिश हो सकती है। पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को बेहद तेज बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, शुक्रवार को झारखंड में, 2 जुलाई तक बिहार में, ओडिशा में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश होगी। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिणी गुजरात से लेकर उत्तरी कर्नाटक के तटीय इलाकों में कम दबाव के क्षेत्र के बीच तेज हवाएं चल रही हैं। इसकी वजह से गुजरात, तमिलनाडु, पुडुचेरी में 2-3 जुलाई तक और कोंकण, गोवा, तटीय कर्नाटक, केरल, दक्षिणी कर्नाटक में अगले 5 दिनों तक अच्छी खासी बारिश होगी। कोंकण और गोवा में 2 जुलाई तक कुछ इलाकों में बेहद तेज बारिश का भी अनुमान है। गुरुवार को हरियाणा के कई इलाकों में मानसूनी बादल बहुत जोरदार बरसे। दिल्ली के अलावा चंडीगढ़, गोवा, तटीय कर्नाटक, हिमाचल और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी तेज बारिश दर्ज की गई।

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर में मंगला आरती की

**अहमदाबाद।** गुजरात दौरे पर गुरुवार की शाम अहमदाबाद पहुंचे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज सुबह शहर के जमालपुर स्थित भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर में मंगला आरती की पिछले कई सालों से अमित शाह रथयात्रा के दिन मंगला आरती की परंपरा निभाते रहे हैं गुजरात में रहे हों या दिल्ली में रथयात्रा को अमित शाह अहमदाबाद में रहते हैं और मंगला आरती का लाभ लेते हैं शुक्रवार को भी प्रातःकाल रथयात्रा के प्रस्थान करने से पहले सुबह 4 बजे भगवान जगन्नाथजी की मंगला आरती की इस अवसर पर गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित रहे मंगला



आरती के बाद अमित शाह ने ट्वीट किया ट्वीट में अमित शाह लिखा 'अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर में मंगला आरती में सहकारी बनकर महाप्रभु जगन्नाथजी के आशीर्वाद प्राप्त किए रथयात्रा के शुभ अवसर पर यहां आना और महाप्रभु की आराधना करना यह मेरे लिए हमेशा एक विशिष्ट आध्यात्मिक अनुभव रहा है महाप्रभु सभी पर कृपा बनाए रखें' अमित शाह ने ट्वीट कर कच्छी मांडुओ को भी नववर्ष की शुभकामनाए दीं अमित शाह ने ट्वीट लिखा 'विश्वभर में रहनेवाले सभी कच्छी भाई-बहनों को अषाढी दूज और कच्छी नूतन वर्ष की अंतःकरणपूर्वक शुभकामनाएं देता हूं यह नूतन वर्ष आप सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए ऐसी महाप्रभुजी के चरणों में प्रार्थना।'

## रूस ने काला सागर बंदरगाह के पास मिसाइलों की बारिश की

**कीव।** रूस-यूक्रेन में जार युद्ध थम नहीं रहा है। रूसी सेना लगातार हमले करने पर लगी है। इसके तहत रूस ने ओडेसा के यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह के पास मिसाइलों की बारिश कर दी। एक अपार्टमेंट की इमारत और एक रिसार्ट को हमले में रूसी सेना ने बर्बाद कर दिया। इस हमले में यूक्रेन के 18 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं द्वारा जारी तस्वीरों में दिखाया गया है कि यूक्रेन के दमकलकर्मी इमारत के मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश कर रही है। 24 फरवरी से रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए आक्रमण के बाद से हजारों नागरिक मारे गए हैं। बता दें कि एक दिन पहले ही रूस ने स्नेक आइलैंड से अपने



सैनिकों को वापिस ले लिया है। यह आइलैंड एक उजाड़ लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र पर है जिसे रूस ने युद्ध के पहले दिन जब्त कर पूर्वोत्तर काला सागर को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किया था। वहीं रूस द्वारा स्नेक आइलैंड से सेना को वापिस लेने के निर्णय को राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने एक रणनीतिक जीत बताया है। साथ ही जेलेंस्की ने दावा किया कि उनकी सेना कदम दर कदम, रूसी सेना को अपने समुद्र, अपनी जमीन से पीछे धकलने वाले हैं। लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग कर ओडेसा पर हमला उस समय हुआ, जब रूस ने स्नेक आइलैंड से अपने पैर पीछे खीचे हैं। रूसी सेना ने इससे पहले भी कई हमले किए हैं। हाल ही में एक भीड़ भरे शापिंग माल में कम से कम 19 लोग मारे गए थे। वहीं मिसाइल अटैक करने वाले मास्को का कहना है कि वह सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा था। कीव ने हमलों को युद्ध अपराध बताया है।

## खास खबर

### 9 साल के लड़के के यौन उत्पीड़न के मामले में पांच नाबालिगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मैसूरु।** मैसूरु जिले के नंजनगुड से मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने 9 साल के लड़के के यौन उत्पीड़न के मामले में पांच नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पीओसीएसओ) के तहत मामला दर्ज किया है। मामला नंजनगुड तालुक के डोड्डुकवलांडे पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है। आरोपी नाबालिगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। आरोपी नाबालिगों में से दो प्रथम पीयूसी में पढ़ रहे हैं, अन्य दो कक्षा 10 में हैं और पांचवां आरोपी कक्षा 9 में है। आरोपी तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले लड़के को खेलने के बहाने गांव के सुनसान जगह पर ले गए और फिर उसका यौन शोषण किया, साथ ही उसके साथ मारपीट की गई, इसके बाद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने लड़कों को हिरासत में लिया और जांच के दौरान उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर नाबालिगों को मैसूर के ऑब्जर्वेशन होम भेज दिया है।

### उदयपुर के एसपी, आईजी हटाए गए, दोनों आरोपी अजमेर जेल में किए शिफ्ट

**उदयपुर।** उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की दिनदहाड़े धारदार हथियार से हत्या करने के बाद एक्शन में आई गहलोत सरकार ने उदयपुर एसपी और आईजी को सस्पेंड कर दिया है। राजस्थान सरकार ने गुरुवार देर रात उदयपुर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और पुलिस अधीक्षक सहित भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 32 अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश में उदयपुर सहित 10 जिलों के पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए हैं। उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। उदयपुर के पुलिस महानिरीक्षक हिंगलाज दान को पद से हटाकर मानवाधिकार का जिम्मा दिया गया है। वहीं, प्रफुल्ल कुमार को उदयपुर का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। कुमार इससे पूर्व आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में पुलिस महानिरीक्षक थे। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार का तबादला कोटा आरएसी बटालियन में कमांडेंट द्वितीय के पद पर किया गया है। जमेर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को उदयपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

### कच्चे तेल, डीजल, विमान ईंधन पर लगे कर की समीक्षा हर 15 दिन में : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार कच्चा तेल, डीजल-पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगे नए करों की समीक्षा अंतरराष्ट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुए हर पखवाड़े करेगी। सीतारमण ने कहा कि यह एक मुश्किल समय है, वैश्विक स्तर पर तेल कीमतें बेलगाम हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, हम निर्यात को हतोत्साहित नहीं करना चाहते लेकिन घरेलू स्तर पर उसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर तेल उपलब्ध नहीं होगा और निर्यात अप्रत्याशित लाभ के साथ होता रहेगा, तब उसमें से कम-से-कम कुछ हिस्सा अपने नागरिकों के लिये भी रखने की जरूरत होगी। सरकार ने शुक्रवार को ही पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर लगाने की घोषणा की। पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर छह रुपये प्रति लीटर और डीजल के निर्यात पर 13 रुपये प्रति लीटर की दर से कर लगाया गया है। यह एक जुलाई से प्रभाव में आ गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन की तरह स्थानीय स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर भी कर लगाने की घोषणा की गई। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपये प्रति टन का कर लगाया गया है।

### पंजाब पुलिस ने फेल की 7 हत्याओं की प्लानिंग 11 बदमाश गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में पुलिस ने गैंगस्टर कल्चर के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। खबर है कि पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गैंग पर शिकंजा कसा है, जिसे लॉरेंस बिश्नोई और हरविंदर सिंह रिंदा का समर्थन हासिल है। खास बात है कि बिश्नोई पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड है। वहीं, मोहाली में पुलिस के इंटेलीजेंस हेडक्वार्टर्स पर हुए हमले में रिंदा का नाम सामने आया था। एडीजीजी एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स प्रमोद बान ने बताया कि गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 5 शूटर भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जालंधर ग्रामीण पुलिस की तरफ से की गई कार्रवाई में 9 हथियार और 5 लूटे गए वाहन भी बरामद किए गए हैं। बान के साथ मौजूद रहे जालंधर ग्रामीण एसएसपी स्वप्न शर्मा ने बताया कि यह समूह हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, फिरौती, लूट और पड़ोसी राज्यों में ड्रग्स तस्करी में शामिल थे।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विराट ने जडेजा के साथ साझा की तस्वीर

**बर्मिंघम** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एजबेस्टन से एक तस्वीर साझा की है। इसमें विराट के साथ ही स्पिनर रविन्द्र जडेजा भी नजर आ रहे हैं। विराट ने इससे यह संकेत दिया कि वह अब इस मैच में खेलने का और इंतजार नहीं कर सकते हैं। इस मैच में प्रशंसकों को विराट से बड़ी पारी की उम्मीद है। तस्वीर में विराट मैदान में दौड़ते नजर आ रहे हैं। भारत ओर इंग्लैंड के बीच पिछले साल पांच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच नहीं खेला जा सका था। जो अब खेला जा रहा है। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है। पिछले साल विराट कप्तान थे जबकि इस साल टीम की कमान रोहित शर्मा के पास है हालांकि रोहित कोरोना संक्रमण के कारण इस एकमात्र टेस्ट से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाया गया है।

### भारत में पहली बार होगी फार्मूला वन रेस

**नई दिल्ली** । भारत में पहली बार होगी फार्मूला वन रेस का आयोजन होगा। आयोजकों के अनुसार यह रेस अगले साल 11 फरवरी को हैदराबाद में होगी। देश में यह पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेस होगी जो हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। इससे पहले अक्टूबर 2013 में भारत में फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री का आयोजन हुआ था। भारत के अलावा ब्राजील भी 25 मार्च को पहली बार फार्मूला ई रेस का आयोजन करेगा। फार्मूला ई और मोटरस्पोर्ट्स की संचालन संस्था फिया ने आगामी नौवें सत्र (2022-23) का अस्थाई कार्यक्रम जारी किया है। इसमें दो बड़े मोटरस्पोर्ट्स स्थलों में पहली बार फार्मूला ई रेस का आयोजन होगा। चैंपियनशिप का चौथा दौर भारत के हैदराबाद में 11 फरवरी को होगा जबकि ब्राजील के प्रशंसक 25 मार्च को सातवें दौर में साओ पाउलो में ई-रेस देख पाएंगे।

### जोकोविच अगले दौर में पहुंचे

**विंबलडन** । ब्रिटेन के शीर्ष टेनिस स्टार एंडी मरें को विम्बलडन टेनिस में हार का सामना करना पड़ा है। मरें को पुरुष एकल के दूसरे के मुकाबले में अमेरिका के जॉन इसनर ने चार सेट में 6-4, 7-6 (4), 6-7 (3), 6-4 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज जीत के साथ ही अगले दौर में पहुंच गये हैं पर फ्रेंच कास्पर रूड हार के साथ ही बाहर हो गये। वहीं महिला वर्ग में एनेट कोंटावीट को जर्मनी की ज्यूक नीमियर ने 4-6, 0-6 से हरा दिया। एक अन्य मुकाबले में गारबाइन मुगुरुजा को ग्रीट मिनेन ने 6-4, 6-0 से हराया। गत वर्ग की उप विजेता कैरोलिना प्लिसकोवा, जेसिका पेगुला, एंजेलिक कर्बर और येलेना ओस्टापेंको जीत के साथ ही अगले दौर में पहुंच गयी हैं।

### सिंधू ओर प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**कुआलालंपुर** । भारत की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मलेशियाई ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधू ने इस मैच में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए थाईलैंड की फिटायापोर्न चेईवान को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21 21-9 21-14 से हराया। अब सिंधू का सामना चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग से होगा। वहीं एक अन्य मैच में भारत के एचएस प्रणय भी पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। प्रणय ने चौथी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को 21-15 21-7 से पराजित किया। अब अगले दौर में प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

**उमरान , हुडा टी20 , अर्शदीप , ईशान दोनो प्रारुपों के लिए शामिल**

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए घोषित की टीम

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी है। रोहित शर्मा वापसी करते हुए इन दोनो ही सीरीज में कप्तानी संभालेंगे। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिला?ी पहले टी20 में नहीं खेलेंगे पर वह अंतिम 2 टी20 मैचों में शामिल किये गये हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचने वाले युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टी20 के साथ ही एकदिवसीय टीम में भी जगह मिली है जबकि उमरान मलिक को केवल टी20 टीम में ही जगह मिली है। ऋतुराज गायकवा? और संजू सैमसन को केवल पहले टी20 मैच के लिए टीम में जगह दी गई है।

टी20 और एकदिवसीय सीरीज के मुकाबले 7 जुलाई से शुरू होंगे, जो 17 जुलाई तक चलेंगे। उमरान को तीनों टी20 के लिए टीम में जगह मिली है पर वह एकदिवसीय टीम में जगह नहीं बना सके हैं। इससे साफ है कि उन्हें अभी इस प्रारुप के लिए अपने को तैयार करना होगा। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान टीम में शामिल थे पर उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था।

अर्शदीप को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 के लिए टीम में जगह मिली है पर अंतिम 2 मैच के लिए वे बाहर है। सैमसन और ऋतुराज पहले टी20 के लिए तो चुने गए हैं पर अंतिम 2 के लिए वे टीम में जगह नहीं बना सके हैं। दीपक हुडा और ईशान किशन तीनों टी20 के लिए चुने गए हैं। ईशान को तो एकदिवसीय सीरीज के लिए भी टीम में जगह मिली है।

### इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम इस प्रकार है

एकदिवसीय सरीज के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह.

पहले टी20 के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

दूसरे और तीसरे टी20 के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान और उमरान मलिक।

# बुमराह की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी भारतीय टीम

### कपिल के बाद कप्तानी करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज होंगे



**एजबेस्टन** । भारतीय टीम शुक्रवार से यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरेगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के कोरोना संक्रमित होने के कारण बुमराह को कप्तानी दी गयी है। रोहित अभी संक्रमित होने के कारण पृथकवास में हैं। बुमराह कपिल देव के बाद भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज टीम होंगे। कपिल ने अंतिम बार 1987 में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। इस प्रकार 35 साल बाद किसी तेज गेंदबाज को भारतीय टीम की कप्तानी करने का अवसर मिल रहा है। अब तक भारत की ओर से 35 खिलाड़ियों ने कप्तानी की इस प्रकार कप्तानी कारने वाले 36वें खिलाड़ी बनेंगे।

अब बुमराह पर टीम को जीत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम अभी 2-1 से आगे है। ऐसे में सीरीज जीतने के लिए भारतीय टीम को ड्रॉ की जरूरत है जबकि दूसरी ओर मेजबान टीम बराबरी के लिए जीत हासिल करने उतरेगी। .बुमराह ने 6 साल पहले 2016 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वे अब तक 29 टेस्ट, 70 वनडे और 57 टी20 इंटरनेशनल के मुकाबले खेल चुके हैं। यानी उनके पास 150 से अधिक मैच का अनुभव है. उन्होंने टेस्ट में 22 की औसत से 123 विकेट लिए हैं।

पिछले साल की तरह इस साल भी भारत और इंग्लैंड दोनों टीमें कोरोना से जूझ रही हैं पर अब हालात बदल गये हैं। पिछले साल जब यह सीरीज शुरू हुई थी तो रवि शास्त्री टीम इंडिया के कोच थे , वहीं अब राहुल द्रविड़ कोच हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान लोकेश राहुल इस सीरीज में दो सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे लेकिन अब दोनों ही इस टेस्ट मैच से बाहर हैं। रोहित कोरोना संक्रमित हैं। रोहित के विकल्प के रुप में मयंक अग्रवाल को शामिल किया गया है। भारत के नए कोच राहुल द्रवि? और नए कप्तान जसप्रीत बुमराह हैं। पिछले साल टीम के कप्तान विराट कोहली थे जो अब एक बल्लेबाज के तौर पर टीम के साथ हैं। भारतीय टीम के पास इस बार तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा भी नहीं हैं। ऐसे में अब बुमराह के पास युवा मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज हैं। स्पिनर आर अश्विन भी इस मैच में नहीं खेलेंगे। वहीं दूसरी ओर मेजबान इंग्लैंड के भी कोच व कप्तान बदल गये हैं।

दोनो संभावित टीमें

बेन स्टोक्स (कप्तान), सैम बिलिंग्स (विकेटकीपर), मैथ्यू पोट्स, स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच और जेम्स एंडरसन.एलेक्स लीस, जैक क्राउली, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), सैम बिलिंग्स, एलेक्स लीस, जैक क्राउली, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो।

जसप्रीत बुमराह (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मयंक अग्रवाल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा , रविन्द्र जडेजा।

**पीसीबी ने केन्द्रीय अनुबंधों की धोषणा की**

# शान ,नसीम और हैदर को मिला अनुबंध

**करांची** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा कर दी है। इसमें फहीम अशरफ और मोहम्मद हसनैन को शामिल नहीं किया गया है। हसनेन पर कुछ समय पहले ही अवैध गेंदबाजी एक्शन के मामले में प्रतिबंध समाप्त हुआ था। वहीं शान मसूद, नसीम शाह और हैदर अली को अनुबंध मिला है। टीम के कप्तान बाबर आजम, विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को लाल और सफेद गेंद दोनों के अनुबंध सुची में सबसे ऊपर रखा गया है। वहीं सीमित ओवर की क्रिकेट में फार्म से बाहर चल रहे गेंदबाज हसन अली को 'सी वर्ग में रखा गा है। टेस्ट मैचों में वह 'बी श्रेणी में ही बने रहेंगे। रहेगी। इमाम उल हक़ को सफेद गेंद की क्रिकेट के लिए 'बी वर्ग में डाला गया है। अजहर अली लाल गेंद की क्रिकेट के लिए प्रथम 'ए वर्ग में रहेंगे। साथ ही शादाब खान और फखर जमान को सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए ए श्रेणी का अनुबंध दिया गया है। पीसीबी ने इस साल अपने केंद्रीय अनुबंधों की सूची को दो हिस्सों में बांट कर लाल और सफेद गेंद की क्रिकेट के लिए अलग-अलग अनुबंध दिये हैं। इसके अलावा बोर्ड ने अनुंबधित खिलाड़ियों की संख्या को 20 से बढ़ाकर 33 कर दिया है। इसमें उन्होंने सात खिलाड़ियों। सलमान अली आगा, हसीबउल्लाह, मुहम्मद हुरैरा, अली उस्मान, कामरान गुलाम, कासिम अकरम और मुहम्मद हारिस को उभरते खिलाड़ियों की श्रेणी में डाला है।



स्वीडन में डायमंड लीग मुकाबलों में अरमांड डुपलैंटिस पुरुषों की पोल वाल्ट स्पर्धा में जीत के बाद उत्साहित नजर आये।






## बॉलीवुड की कैटरीना कैफ से आकर्षित हैं शाहिद कपूर, बताया खास कारण



इसमें कोई दो राय नहीं है कि शाहिद कपूर बॉलीवुड के सबसे हैंडसम और चॉकलेटी अभिनेता है। शाहिद कपूर ना सिर्फ एक अच्छे अभिनेता है बल्कि वो एक शानदार और बेहतरीन डांसर भी है। शाहिद कपूर ने अपनी फिल्मों के गाने में कई बार शानदार डांस परफार्मेंस से अपने चाहने वालों को प्रभावित किया है। आज हम आपको शाहिद कपूर का एक बड़ा राज बताने जा रहे है जिसका खुलासा खुद अभिनेता ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था। अभिनेता शाहिद कपूर से जब पूछा गया कि, उनको मीरा राजपूत के अलावा कौन सबसे ज्यादा आता आकर्षित करता है। अभिनेता ने इसके जवाब को अपने अंदाज में देते हुए कहा था कि, कैटरीना कैफ। इसके बाद शाहिद कपूर ने इसका कारण भी बताया कि उनको कैटीरना कैफ क्यों आकर्षित लगती है। अभिनेता ने कहा था कि, वो खुद एक डांसर है और जब भी वो कैटरीना कैफ को डांस करते हुए देखते हैं। तो उनको आकर्षित लगती है। इसके अलावा अभिनेता से जब ये सवाल किया गया कि, अगर उनकी शादी मीरा राजपूत से नहीं होती तो वो किस से शादी करते? इसके जवाब में अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा कि, थोड़ी बड़ी लड़की से शादी करता। अभिनेता ने इसके बाद कहा कि, मेरा मतलब है कि मेरे से उम्र में बड़ी लड़की नहीं बल्कि मीरा राजपूत से उम्र में बड़ी लड़की।

### आपके सहज ज्ञान की कोई उम्र नहीं होतीः बाबिल खान

दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे और अभिनेता बाबिल खान का मानना है कि किसी भी व्यक्ति के सहज ज्ञान या स्वाभाविक बुद्धि की कोई उम्र नहीं होती है। बाबिल खान अपनी पोस्ट की गई एक इंस्टाग्राम तस्वीर में बड़े स्टाइलिश अंदाज में अपने चेहरे के आधे हिस्से को एक शॉल से ढंके नजर आए । उन्होंने इस तस्वीर के साथ ही अपनी बात भी साझा की है। बाबिल खान ने कहा, याद रखें कि आपका दिमाग केवल उतना ही पुराना है, जितने आप खुद हैं, आपके सहज ज्ञान की कोई उम्र नहीं है। यह अतीत और भविष्य का संचालन करता है, अनंत वर्तमान। उन्होंने बुधवार रात को साझा की गई तस्वीर के साथ कैप्शन के रूप में यह बातें लिखी। बाबिल अनुष्का शर्मा द्वारा निर्मित चाला के साथ अपने अभिनय की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



# रवि तेजा की फिल्म खिलाड़ी को लेकर आई बुरी खबर, फैंस को लगेगा झटका



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार अभिनेता कहे जाने वाले रवि तेजा आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई फिल्मों से धमाका करने वाले हैं। जिसमें उनकी अपकमिंग फिल्म खिलाड़ी भी शामिल है। जिसका टीजर बीते दिनों ही रिलीज किया गया था। फिल्म का टीजर देखने के बाद रवि तेजा के चाहने वाले उनकी फिल्म खिलाड़ी का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे है। ये कहा जा सकता है कि फिल्म खिलाड़ी का टीजर फैंस को काफी ज्यादा पसंद आया था और टीजर को देखने के बाद फैंस झूमने लगे थे। फिल्म खिलाड़ी के टीजर को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। जिसमें अभिनेता रवि तेजा डबल रोल में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। फिल्म की रिलीज डेट को मेकर्स ने टाल दिया है। खिलाड़ी फिल्म को लेकर ऐसा कहा जा रहा है कि मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को टाल दिया है। इस बात की जानकारी खुद खिलाड़ी फिल्म के मेकर्स ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया है। फिल्म एक खिलाड़ी के मेकर्स ने बताया कि इस फिल्म की नई रिलीज डेट जल्द ही बताई जाएगी। तब तक के लिए ये जरूर अटक गई है। फिल्म खिलाड़ी में रवि तेजा के अलावा मीनाक्षी शेषाद्री और डिंपल हयाती लीड रोल में नजर आएंगी। बता दें कि देश में कोरोना वायरस महामारी का प्रकोप काफी तेजी से फैल रहा है जिसकी वजह से कई राज्यों के सिनेमा हॉल में ताला लगा हुआ। ऐसे में कोई भी मेकर्स अपनी फिल्म को रिलीज कर घाटे का सौदा नहीं करना चाहते। जिसकी वजह से हाल ही में कई फिल्ममेकर्स और प्रोड्यूसर ने फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया है।



# जम्मू-कश्मीर व्यथा: 'स्वर्ग पर कब तक नर-इन्द्र का राज'....?

ओमप्रकाश मेहता

धरती के स्वर्ग (जम्मू-कश्मीर) पर एक लम्बे अर्से से केन्द्र सरकार (अर्थात् मोदी जी) का राज चल रहा है, पिछले साल 24 जून को जम्मू-कश्मीर के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री ने लम्बी चर्चा भी की थी, किंतु एक साल बाद भी उस चर्चा का जमीनी असर नजर नहीं आ रहा है, यह राज्य लम्बे समय से केन्द्र के अधीन है और उप-राज्यपाल सरकार के सर्वेसर्वा बने हुए है, केन्द्र से न यहां की कानून-व्यवस्था संभाली जा रही है और न यहां के नागरिकों को वे सब सुविधाएं मिल पा रही है, जो देश के अन्य राज्यों में मिल रही है, पिछले सात दशक से चला आ रहा इस राज्य को विशेष दर्जा भी मौजूदा केन्द्र सरकार ने छीन लिया है, केन्द्र में सत्तारूढ़ दल की सत्ता लिप्सा ने यहां लोकतंत्र की बहाली को रोक रखा है, सत्तारूढ़ दल व उसके आकाओं को आशंका है कि यहां का आम वोटर अनुच्छेद-370 हटाने के दर्द को भूल नहीं पाया है और वह भाजपा के खिलाफ है, इसीलिए यहां चुनाव नहीं कराये जा रहे है। वैसे इस स्वर्गिक राज्य का इतिहास देखा जाए तो भारत की आजादी के बाद हुए भारत के विभाजन के समय से ही देश का यह एकमात्र राज्य चर्चा व सुर्खियों में रहा है, भारत के विभाजन के समय पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर पर अपना अधिकार जताया था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने पाकिस्तान की जनमत कराने की मांग तो मान ली थी, किंतु उस पर अमल आज पचहत्तर साल गुजर जाने के बाद भी इसलए नहीं हो पाया, क्योंकि देश का हर आम व खास जानता है कि जम्मू जहां हिन्दू प्रधान क्षेत्र है, वहीं कश्मीर मुस्लिम प्रधान और चूंकि कश्मीर का क्षेत्र जम्मू से ज्यादा है और वहां के नागरिक आज भी पाकिस्तान के प्रति आम सहानुभूति रखते है, इसलिए जनमत के परिणाम का अनुमान पं. नेहरू को था, इसीलिए जम्मू-कश्मीर आज भी भारत का अहम् हिस्सा बना हुआ है और कश्मीर अवाम की भावना के कारण ही पाक आज भी इस पर कब्जे को लालयित है और अपने आतंकियों से यहां घुसपैठ व गैर कश्मीरियों की हत्याएं करवाता रहता है? यदि हम इसी सन्दर्भ में यदि जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक हालातों के जिक्र करें, तो वहां की वस्तुस्थिति यह है कि छोटी-छोटी बातों पर आपस में झगड़ने वाले वहां के स्थानीय दलों के राजनेता कश्मीर के राजनीतिक भविष्य के बारे में एकजुट होकर भारत विरोधी रूख स्पष्ट करते आए है, मोदी जी के साथ हुए सामुहिक चर्चा में भी यही तथ्य उभरकर सामने आया था। फिर वे चाहे फारूख अब्दुल्ला हो या महबूबा मुफ्ती, देश के मामले में सबका संयुक्त स्वर ही सामने आता है। यह तथ्य एकबार नहीं केन्द्र सरकार के सामने कई बार स्पष्ट हुआ है। कुल मिलाकर आज यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर अब तक की हर सरकार के सामने उलझी हुइ पहेली बनी रही है तो वह कतई गलत नहीं है, मोदी के पहले मनमोहन सरकार तथा उसके पहले अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने भी जम्मू-कश्मीर की पहेली को सुलझाने की कोशिशें की पर वे असफल रहे, मोदी ने भी अपने आठ वर्षिय अब तक के कार्यकाल में कई प्रयास किए, किंतु उन्हें भी अब तक सफलता नहीं मिल पाई। इस राज्य की आज राजनीतिक स्थिति यह है कि पिछले सत्तर सालों से यह विशेष सुविधाऐं पाने में सर्वप्रथम रहा और आज अन्य राज्यों को मिल रही सुविधाओं से वंचित रहने में सर्वोच्च स्थान पर है।

# बर्बरता की गला काट होड़

बादल सरोज

राजस्थान के उदयपुर में एक दर्जी कन्हैयालाल की दो उन्मादियों द्वारा अत्यंत बर्बरता के साथ की गयी हत्या ने पूरे देश को स्तब्ध और विचलित कर दिया है। दोनों हत्यारे कपड़े का नाप देने के बहाने कन्हैयालाल टेलर की दूकान में घुसे, उसका गला काट दिया और खुद ही इस जघन्यता का वीडियो बनाकर खुद ही उसे इंटरनेट और सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल भी कर दिया। दोनों हत्यारे रियाज़ और मोहम्मद युवा हैं ; पुलिस ने इन्हे राजसमंद जिले के भीम कस्बे से गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारों ने दावा किया है कि उन्होंने यह निर्ममता कथित रूप से कन्हैयालाल द्वारा भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में किये गए ट्वीट का ÷बदला लेने÷ के नाम पर की गयी है। ज्यादातर राजनीतिक दलों सहित सभी समुदायों सहित हर फिक्रमंद भारतीय ने इसकी निंदा और भर्त्सना की है - लेकिन यह एक ऐसा हादसा है, ऐसा काण्ड है जिसकी सिर्फ निन्दा या भर्त्सना करने से इसमें अन्तर्निहित खतरे नहीं समझे जा सकते, इनसे बचने की राह नहीं बनाई जा सकती।

उन्मादी हत्यारों की यह उदयपुर करतूत पागलपन की उस ज्वाला की एक और बानगी है जिसके पैट्रोल में हाल के कुछ वर्षों में भारत को भिगोया और डुबोया जा रहा है। धर्म के नाम पर भड़काया जा रहा यह पागलपन सामाजिक संबन्धों , मनुष्यता, सभ्य समाज के मूल्यों और सामान्य मानवीय व्यवहार सब कुछ निगलता जा रहा है। निस्संदेह इसकी निंदा, भर्त्सना और दोषियों को कानून सम्मत सबसे बड़ी सजा दिए जाने की जरूरत है। जरूरत इस बात की भी है कि इस तरह की वारदातों के बहाने प्रतिस्पर्धी उन्माद भड़काने की हर कोशिश के खिलाफ सजग रहा जाए। उसे कड़ाई से रोका जाए। मगर इसी के साथ जरूरत इस बात की भी है कि इस तरह के उन्मादी पागलपन के कारणों की तलाश की जाए। इस सांघातिक बीमारी के विषाणुओं की शिनाख्त की जाए और उन्हें संक्रामक होने से रोका जाए। इस हत्याकाण्ड के बाद से कुछ ÷समझदार आवाजें÷ उठ रही हैं कि इस घटना को सिर्फ इस घटना के रूप में देखा जाये। इस अब को किसी और तब और जब के साथ नहीं जोड़ा जाए। इस तरह के आग्रहों के पीछे छुपी भावना की अनदेखी भी कर दें तब भी उदयपुर को सिर्फ उदयपुर तक सीमित रखकर समझने की कोशिश कही नहीं पहुंचायेगी। पाशविकता के उभार को उसके पूरे विकास - इवोल्यूशन - के साथ ही समझना होगा। इसे रियाज और मोहम्मद या कन्हैयालाल या नूपुर शर्मा के बयानों तक सीमित रखकर भी नहीं समझा जा सकता। इसकी एक क्रोनोलॉजी है, इसकी उत्तरोत्तर विषाक्त होती जा रही संक्रामकता है, यह देश और समाज को जिस दिशा में ले जा रही है उस फिसलन की अंतिम मंजिल की डरावनी भयानकता है । धर्म का उन्मादीकरण इस विषाणु का जन्मदाता है, तात्कालिक राजनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए धर्म और राजनीति का अप्राकृतिक गठबंधन इस घातक विषाणु की जीवनीशक्ति है और संविधान में लिखे मूल्यों को भूल चुके, उन्हें एकदम उलटने के लिए आमादा देश के नेता बने बैठे लोग इसके संवाहक हैं। देश और समाज को मध्ययुग में ले जाने की अपनी दिवालिया वैचारिकता और अपनी विनाशकारी आर्थिक नीतियों से उपजे जनाक्रोश को भटकाने के लिए शासकवर्ग इन विषाणुओं का भरपूर उत्पादन करता है। इन्हे मिटाने, थामने, रोकने या बाँधने की बजाय इसका प्रचार प्रसार करता है।

कन्हैयालाल टेलर इसी धर्मांधता से उपजी पाशविकता के शिकार हैं - मगर वे पहले शिकार नहीं है। इस तरह की यह पहली हत्या नहीं है। पिछले कुछ वर्षों से, आमतौर से पिछली तीन दशकों और खासतौर से 2014 के बाद से इस तरह की उन्मादी हत्याओं की झड़ी सी लगी हुयी है। बहाना कुछ भी हो सकता है। दो गाय खरीद कर हरियाणा ले जा रहे अकरम खान को अलवर में गाय के नाम पर , पुलिस अधिकारी अय्यूब पण्डित को कश्मीर में फोटो खींचने के नाम पर, पुलिस अधिकारी सुबोध सिंह को बुलंदशहर अपनी ड्यूटी करने के जुर्म में , अख़लाक़ को दादरी में उसकी रसोई में पक रही तरकारी के नाम पर और जुनैद को हरियाणा में बिना किसी बात के सिर्फ जुनैद होने के कारण ही मारा जा सकता है। देश भर में गौहाटी, दुर्गापुर, पालघर तक, लगभग इसी तरह मारे जाने वालों की यह सूची बहुत ज्यादा लम्बी है। इन पंक्तियों में इसको समेट पाना और इस हिंसक हत्यारी प्रवृत्ति के सभी कारणों और आयामों के बारे में चर्चा करना संभव नहीं है। मगर इस पर चर्चा की जरूरत है - जो समाज इस तरह की बहसों से जी चुराता है उसके हिस्से अंधेरा ही आता है।

जहां कल रियाज़ और मोहम्मद गिरफ्तार किये गए हैं उसी राजसमंद में 2017 में ऐसा ही एक हृदयविदारक जघन्य काण्ड हुआ था। किसी शम्भूदयाल रैगर नाम के व्यक्ति ने बिना किसी दुश्मनी, बिना किसी जानपहचान और बिना किसी कारण के बंगाल से मजदूरी करने आये अफ़राजुल को गैंती से मार डाला था। शम्भू ने इसका वीडियो भी बनाया था और खुद ही उसे वायरल भी किया था। इस प्रकरण के सामाजिक विश्लेषण के बाद जो तथ्य आये थे उनमे शंभू की बेरोजगारी से उपजी मनोदशा के अलावा एक प्रमुख कारण सोशल मीडिया पर चल रहे विषाक्त प्रचार से उसका प्रभावित होना था। झूठी और अक्सर रची गयी कहानियों को देखते देखते वह इतना उन्मादी हो गया था कि उसकी सारी मानवीय संवेदनाएं ही समाप्त हो चुकी थी। ठीक है, शंभू दयाल रैगर तो विक्षिप्त था, मगर वे कौन थे जो उसे नायक बना रहे थे, उसके सम्मान में रामनवमी पर उसकी झांकी निकाल रहे थे, उसके लिए लाखों रुपया इकट्ठा कर रहे थे? उसे लोकसभा चुनाव लड़वा रहे थे ?

इन कारनामों से बने माहौल को समझे बिना बर्बरताओं के उभार को नहीं समझा जा सकता। गोडसे की पूजा इसी मनोवृत्ति को उकसाने का एक जरिया है इसलिए गांधी हत्या के बाद सरदार पटेल ने 18 जुलाई, 1948 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जो चिट्ठी भेजी थी. वह प्रासंगिक हो जाती है। इसमें उन्होंने लिखा था कि , ÷गांधी जी की हत्या का केस अभी कोर्ट में है. इसीलिए आरएसएस और हिंदू महासभा, इन दोनों संगठनों के शामिल होने पर मैं कुछ नहीं कहूंगा। लेकिन हमारी रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि होती है कि जो हुआ, वो इन दोनों संगठनों की गतिविधियों का नतीजा है। खासतौर पर आरएसएस के किए का जिसने देश में इस तरह का माहौल बनाया गया कि इस तरह की (गांधी की हत्या) भयानक घटना मुमकिन हो पाई। मेरे दिमाग में इस बात को लेकर को... कोई शक नहीं कि हिंदू महासभा का कट्टर धड़ा गांधी की हत्या की साजिश में शामिल था और आरएसएस की गतिविधियों के कारण भारत सरकार और इस देश के अस्तित्व पर सीधा-सीधा खतरा पैदा हुआ। ÷

रियाज हो या मोहम्मद, शम्भू दयाल हो या बुलंदशहर से दादरी होते हुए अलवर तक के हत्यारे - वे दोषी हैं ; मगर उतने ही, बल्कि उनसे ज्यादा बड़े अपराधी वे हैं जो इन मानव बमों को तैयार करते हैं। वे इधर हों या उधर - उन्हें अलगथलग किये बिना भारत को नहीं बचाया जा सकता। इसलिए उदयपुर पर स्तब्ध और विचलित होना काफी नहीं है - रियाज और मोहम्मद को सजा देने भर से यह प्रकोप नहीं थमेगा। इसे महामारी बनने से रोकना है तो विषाणुओं और उनके पालनहारों, उनके डिस्ट्रीब्यूटर्स, सबकी शिनाख्त करनी होगी और बिना किसी रूरियायत के उनकी सफाई करनी होगी।

## हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रह्मसंहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं।

# तालिबानी सोच गलत

सिद्धार्थ शंकर

राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की निर्मम हत्या ने पूरे देश को सन्न कर दिया है। नूपुर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट की वजह से कट्टरपंथियों ने इस्लामिक स्टेट के आतंकियों की तर्ज पर कन्हैया की गर्दन काट डाली। इस घटना के बाद जहां आम लोगों में गुस्सा है, वहीं कांग्रेस-भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों ने इसकी निंदा की है और भारत में विकसित होती तालिबानी सोच को खत्म करने की मांग की है। अजमेर दरगाह के दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन अली खान ने भी उदयपुर की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म मानवता के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा नहीं देता है। देश में हम तालिबानी कल्चर पर नहीं आने देंगे। चाहे जाने ही चली जाए। ये जो लोग इस तरह की हरकत कर रहे हैं, उससे न केवल इस्लाम बदनाम होता है। धर्म बदनाम होता है, देश बदनाम होता है। यह गलत है। भाजपा के अलावा ओवैसी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अरविंद केजरीवाल तक ने उदयपुर की घटना को मानवता के लिए शर्मसार बताया है। एक सिरे से इस घटना को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया आई, वह बताती है कि वैचारिक मतभेद कुछ भी हों, भारत में बर्बरता की जगह नहीं है। उदयपुर में कन्हैया के मर्डर पर राजस्थान पुलिस भी सवालों के घेरे में आ गई है। खुद गहलोत सरकार भी पुलिस महकमे से चूक को स्वीकार कर रही है। लेकिन अभी सिर्फ एएसआई को सस्पेंड किया गया है। दरअसल नूपुर शर्मा को लेकर कन्हैयालाल के फोन से गलती से हुई पोस्ट को लेकर कुछ लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर त्वरित ऐक्शन लेते हुए उदयपुर पुलिस ने कन्हैयालाल को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बाद में उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद कन्हैया को कट्टरपंथियों से धमकियां मिलने लगीं। उसे अलग-अलग नंबरों से फोन और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। खुद की जान पर खतरे को देखते हुए कन्हैया 15 जून को उसी थाने में शिकायत और गुहार लेकर पहुंचा, जहां की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उसने



धमकियों की जानकारी देते हुए अपनी जान की रक्षा की गुहार लगाते हुए सुरक्षा की मांग की। कन्हैया को गिरफ्तार करने में देर ना करने वाली पुलिस ने धमकी देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने या गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं समझी। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ इतना किया कि कुछ लोगों को थाने में बुलाकर समझा-बुझा दिया और शांति-मेल मिलाप से रहने का उपदेश देकर घर भेज दिया। पुलिस मामले की संवेदनशीलता क्यों नहीं समझ पाई? सिर कलम करने की धमकी को इतने हल्के में क्यों लिया गया? क्यों नहीं समय रहते आरोपियों को गिरफ्तार किया गया? राजस्थान पुलिस पर हर कोई इस तरह के सवाल उठा रहा है और कहा जा रहा है कि पुलिस ने यदि धमकी देने वालों को गिरफ्तार कर लिया होता तो आज शायद कन्हैयालाल जिंदा होता। राजस्थान में सांप्रदायिक हिंसा और तनाव थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हालात यह हैं कि प्रदेश में तीन महीने की अंदर तीन बड़ी हिंसक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उदयपुर की घटना को छोड़कर राज्य में चार साल में छह बड़े दंगे हो चुके हैं। इधर, उदयपुर में दर्जी की गला रेतकर हत्या करने के बाद पूरे प्रदेश में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। साथ ही सभी जिलों में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। जिले के साथ थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू भी लगाया गया है। जोधपुर में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई थी। इस दौरान जालोरी गेट चौराहे पर झंडे लगाए गए। दो मई की देर रात ईद को लेकर समाज के लोगों ने इसी चौराहे पर झंडे लगाने की कोशिश की। लोग वहां पहले से लगे झंडों को हटाकर अपने धर्म के झंडे लगाने लगे, दूसरे समाज के लोगों ने इसका विरोध किया। इस दौरान एक युवक के साथ विशेष समुदाय के लोगों ने मारपीट कर दी। इसके बाद मौके पर जुटी भीड़ ने नमाज के लिए लगाए गए लाउडस्पीकरों को पोल से हटा दिया। दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए और पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागकर कर हालात काबू में किए। पथराव में डीसीपी भुवन भूषण यादव, एसएचओ अमित सिहाग सहित चार पुलिसकर्मी और कुछ मीडियाकर्मी भी घायल हो गए थे।

# दिल्ली के उपचुनाव में जनता ने आप को 'विजयश्री' का आशीर्वाद दिया

## सूडोकु नवताल- 6119

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

विनोद तकिया वाला

दिल्ली दिल वालों की नगरी दिल्ली वासियों ने एक बार पुनः दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी पर अपना भरोसा जताया है।विगत दिनों दिल्ली के राजेन्द्र नगर विधान सभा से दुर्गेश पाठक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के उम्मींदवार राजेश भाटिया को भारी मतों से पराजित कर दिया है लेकिन दिल्ली उपचुनाव में हार के बीच भाजपा के लिए है एक राहत की खबर यह रही कि दो साल पहले हुए विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके वोट शेयर प्रतिशत में थोड़ी वृद्धि हुई है,जबकि वही आप को इस मामले में कुछ नुकसान हुआ है। इस उपचुनाव में मतों के हिसाब से आम आदमी पार्टी (आप) दुर्गेश पाठक को कुल 40,319 वोट मिले तो भाजपा के राजेश भाटिया को 28,851 वोट हासिल हुए।पाठक ने कुल 11,468 वोट से जीत दर्ज की है वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमलता को महज 2,014 वोट से संतोष करना पड़ा।2020 के विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना कर चुकी भाजपा को इस बार काफी उम्मीदें थीं।भाजपा के नेतागण दावा कर रहे थे कि केजरीवाल सरकार के खिलाफ जनता में नाराजगी है और उन्हें चुनाव में जीत हासिल हो सकती है।बीजेपी के वोट शेयर में कुछ इजाफा 2020 के विधानसभा चुनाव में राघव चड्ढा ने यहां से जीत दर्ज की थी।उन्होंने सरकार आर पी सिंह को 20085 वोट से हराया था।तब आप को यहां 57.06 फीसदी वोट मिले थे।भाजपा ने इस सीट पर



37.7त्न वोट हासिल की थी। मौजूदा उपचुनाव में वोट शेयर की बात करें तो भाजपा ने अपने प्रदर्शन में कुछ सुधार किया है।भाजपा को 39.91 फीसदी वोट मिले हैं जब कि आप को 55.78 फीसदी वोट शेयर पर कब्जा किया है।43.75 फीसदी बोटिग हुई थी। आप को बता दे कि विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 23 जून को सम्पन्न हुए चुनाव में केवल 43.75 प्रतिशत मतदान हुआ था।उल्लेखनीय है कि इस उपचुनाव में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में थे। ज्ञातव्य रहे कि राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद आप नेता राघव चड्ढा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो गयी थी। इस उपचुनाव दिल्ली में आप और भाजपा दोनों राजनीतिक दलों के लिए बेहद अंहम माना जा रहा था। इस जीत पर आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं,विधायकों और कार्यकताओं समेत नवनिर्वाचित विधायक दुर्गेश पाठक ने पार्टी मुख्यालय में जीत का जश्न मनाया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर के लोगों का दिल से आभार।दिल्ली के लोगों के इस अथाह स्नेह और प्रेम का मैं आभारी हूँ।यही हमें और मेहनत एवं सेवा करने की प्रेरणा देता है।लोगों ने भाजपा की गंदी राजनीति को हराया और हमारे अच्छे काम को सराहा है।इस अवसर पर पार्टी के अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के काम और हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत व भाजपा की हर तिकड़म का जवाब देने के लिए तैयार है। वहीं दुर्गेश पाठक ने कहा कि यह केजरीवाल की जीत है और उनके द्वारा कराए जा रहे कामों की जीत है।राजेंद्र नगर की जनता और आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को इस जीत के लिए दिल की गहराइयों से धन्यवाद।भगवान से प्रार्थना है कि मुझे ऐसी क्षमता दे की राजेंद्र नगर की जनता के आशीर्वाद पर खरा उतर सकूं।एमसीडी में भाजपा जीतने वाली थी या आम आदमी पार्टी।राजेंद्र नगर की जनता ने भाजपा वालों को बता दिया कि कल भी एमसीडी में आम आदमी पार्टी की जीत पक्की थी और आने वाले समय में जब भी एमसीडी के चुनाव होंगे तो आम आदमी पार्टी की ही जीत होगी।दिल्ली के लोग चाहते हैं कि यह एक ऐसी राजधानी बनेगी पूरा देश इस पर गर्व करे। मैं भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देता हूं कि एमसीडी के चुनाव करवा लो, दिल्ली की जनता आजादी की मांग कर रही है। दिल्ली मे सम्पन्न हुए इस उप चुनाव को! जहाँ आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं व नेताओं जश्न मनाया जा रहा है।

# महाराष्ट्र के कुछ महासबक

वेदप्रताप वैदिक

महाराष्ट्र की राजनीति भारत के लिए कुछ महासबक दे रही है। सबसे पहला सबक तो यही है कि परिवारवाद की राजनीति पर जो पार्टी टिकी हुई है, वह खुद के लिए और भारतीय लोकतंत्र के लिए भी खतरा है। खुद के लिए वह खतरा है, यह उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने सिद्ध कर दिया है। अब जो शिवसेना उद्धव ठाकरे के पास बची हुई है, वह कब तक बची रहेगी या बचेगी या नहीं बचेगी, कुछ पता नहीं। उसके दो टुकड़े पहले ही हो चुके थे जैसे लालू और मुलायमसिंह की पार्टियों के हुए हैं। ये पार्टियां परिवार के अलग-अलग खंभों पर टिकी होती हैं। कोई पार्टी मां-बेटा पार्टी है तो कोई बाप-बेटा पार्टी है। कोई चाचा-भतीजा पार्टी है तो कोई बुआ-भतीजा पार्टी है। बिहार में तो पति-पत्नी पार्टी भी रही है। अब जैसे कांग्रेस भाई-बहन पार्टी बनती जा रही है, वैसे ही पाकिस्तान में भाई-भाई पार्टी, पति-पत्नी पार्टी और बाप-बेटा पार्टी है। ये सब पार्टियां अब पार्टियां रहने की बजाय प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बनती जा रही हैं। न तो इनमें आतंरिक लोकतंत्र होता है, न इनमें आमदनी और खर्च का कोई हिसाब होता है और न ही इनकी कोई विचारधारा होती है। इनका एकमात्र लक्ष्य होता है– सत्ता-प्राप्ति! यदि सेवा से सत्ता मिले और सत्ता से सेवा की जाए तो उसका कोई मुकाबला नहीं लेकिन अब तो सारा खेल सत्ता और पत्ता में सिमट कर रह गया है। सत्ता हथियाओ ताकि नोटों के पत्ते बरसने लगें। सत्ता से पत्ता और पत्ता से सत्ता– यही हमारे लोकतंत्र की पहचान बन गई है। राजनीति में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया है। हमारी राजनीति में आदर्श और विचारधारा अब अंतिम सांसें गिन रही हैं। भारतीय राजनीति के शुद्धिकरण के लिए यह जरुरी है कि सभी पार्टियों में परिवारवाद पर रोक लगाने की कुछ संवैधानिक तजवीज की जाए। महाराष्ट्र की राजनीति का दूसरा सबक यह है कि परिवारवाद उसके नेता को अहंकारी बना देता है। वह अपने पद को अपने बाप की जागीर समझने लगता है। एक बार उस पर बैठ गया तो जिंदगी भर के लिए जम गया। पार्टी में नेता जो तानाशाही चलाता है, उसे वह सरकार में भी चलाना चाहता है। कभी-कभी ऐसे लोग सरकारों को बहुत प्रभावशाली और नाटकीय ढंग से चलाते हुए दिखाई पड़ते हैं लेकिन जब पाप का घड़ा फूटने को होता है तो उस वक्त आपात्काल थोपना पड़ता है। यदि भारत को हमें लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाए रखना है और उसे आपात्कालों से बचाना है तो पार्टियों के आंतरिक लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुछ संवैधानिक प्रावधान करने होंगे।

# कैंपस प्लेसमेंट के लिए इस प्रकार करें तैयारी

कैंपस प्लेसमेंट करीब आते ही अंतिम वर्ष के छात्र तनाव में आ जाते हैं। इस दौरान उनके दिमाग में कई सवाल दौड़ रहे होते हैं। जैसे कौन सी कंपनी आएगी? कौन साक्षात्कार लेगा? और तो और ये सवाल आपको अपने लक्ष्य से भी भटका देते हैं। परिवार का दबाव भी आपके सताता रहता है। इन तमाम मुश्किलों से निपटने का एक ही तरीका है- खुद को साक्षात्कार के लिए अच्छी तरह तैयार किया जाए। यहां जानते हैं कैसे आप अपने को तैयार करें।



### पहले पहले अपने रिज्यूमे पर ध्यान दें-

आपका रिज्यूमे आपके बारे में काफी कुछ बताएगा। इसमें आपकी प्रमुख उपलब्धियां बोल्ड हेडिंग के साथ होनी चाहिए। आप अपनी पसंद के अलग-अलग रोल के हिसाब से अलग-अलग रिज्यूमे भी बना सकते हैं। अपने फेसबुक और लिंक्डिन अकाउंट से भी ऐसी अनावश्यक सामग्री हटा लें जो कि जॉब मिलने में दिक्कत पैदा कर सकती है। रिज्यूमे एक या दो पेज का ही होना चाहिए। अच्छा होगा कि एक ही पेज में हो।इसी में आपनी पेशेवर और अकादमिक योग्यता लिखें।

### संस्थान और साक्षात्कार लेने वाले की जानकारी हासिल करें।

किसी भी साक्षात्कार का सामना करने से पहले उस कंपनी के बारे में जानें। साक्षात्कार के बारे में रिसर्च करें। ऐसा करने से आप उन कुछ सवालों की तैयारी कर पाएंगे जो इंटरव्यू के दौरान पूछे जा सकते हैं।

### गलतियों न करें-

साक्षात्कार हॉल में प्रवेश करने के बाद कुछ सामान्य गलतियां करने से बचें। साक्षात्कार लेने वाले से आई-कॉन्टेक्ट होना जरूरी है। हमेशा विनम्र और सहनशील बने रहें। साक्षात्कार लेने वाला कई बार अटपटे सवाल पूछकर धैर्य की परीक्षा लेता है। साक्षात्कार में पेंसिल का पीछे वाला हिस्सा चबाना, नर्वस होना और कैजुरल रहना, जैसी चीजों से बचें। इसके साथ ही अति आत्मविश्वासी भी न बनें।

### बॉडी लेंग्वेज और प्रॉपर ड्रेस

साक्षात्कार में खुद को पेश करना भी काफी मायने रखता है। इस बीच आपकी बॉडी लेंग्वेज बहुत कुछ कहती है। फॉर्मल ड्रेस आपको हमेशा फायदा देगी। साक्षात्कार लेने वालों से गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाकर मिले। आपके हाथ मिलाने का अंदाज आपके जोशीले व्यक्तित्व को बताएगा। एक परिपक्व व्यक्ति की तरह पेश आएं।

### जॉब के प्रति दिखाएं दिलचस्पी

साक्षात्कार के उन 5 से 10 मिनट के दौरान आपके ये साबित करना होगा कि उस जॉब में आपकी काफी दिलचस्पी है।ऐसा करने से साक्षात्कार लेने वाला शख्स इस बात को लेकर आश्वस्त हो जाएगा कि आपकी प्राथमिकताएं बहुत जल्दी बदलने वाली नहीं हैं। जॉब मिलने के बाद उसे आप बहुत जल्दी नहीं छोड़ेंगे। कंपनी अगर आपको ट्रेनिंग देकर काम सिखाएगी तो उसका समय खराब नहीं होगा। ध्यान रहे आपको उनकी जितनी जरूरत है, उतनी ही उनको भी आपकी जरूरत है। यानी म्यूचुअल कमिटमेंट होनी भी जरूरी है।

### अपने विषय पर पकड़ बनाएं लेकिन जिद्दी न बनें

आपको अपने विषय की अच्छी पकड़ होना जरूरी है। अगर है, तो अच्छी बात है, लेकिन इसके बावजूद भी हमेशा सीखने वाला रुख ही रखना चाहिए। साक्षात्कार के दौरान यह दिखाएं कि आपको नई-नई चीजें सीखने का जुनून है। अपनी फील्ड में आपको नए-नए इनोवेशन करने और उन्हें जानने की भूख है। अगर किसी अंक पर आपके और इंटरव्यूवर के बीच मतभेद होते हैं तो आपको दृढ़ता के साथ अपने अंक पर टिके रहना चाहिए पर आप जिद्दी ना रहें।

### शुरुआत और अंत के लिए तैयार रहें

साक्षात्कार के शुरुआती तीन मिनट सामने वाले के दिलोदिमाग में आपके प्रति फर्स्ट इम्प्रेशन तैयार करने के लिए काफी होते हैं। इस छोटे से वक्त में इंटरव्यू लेने वाला ये काफी हद तक तय कर लेता है कि आप जॉब के लिए फिट हैं या नहीं। इसलिए शुरुआती तीन मिनट में आप अच्छा बोलें, बॉडी लेंग्वेज पॉजिटिव रखें, आई-कॉन्टेक्ट बनाए रखें, सेन्टेंस और आइडियाज को बेहतर ढंग से शेयर करें। चाहे आपका इंटरव्यू कितना ही खराब क्यों न हुआ हो, आखिर में थैंक्यू कहना कभी न भूलें। ऐसा कहकर आप ये दिखाएंगे कि आप उस जॉब में काफी दिलचस्पी रखते हैं।

### जब पूछा जाएं कमजोरी और ताकत का सवाल?

साक्षात्कार में आमतौर पर आपकी ताकत और कमजोरी पूछ ली जाती है। ऐसी चीजों की आपके पास लंबी लिस्ट होती है जिसमें आप परफेक्ट हैं लेकिन जब बात कमजोरियां बताने की आती है तो वहां आप कंफ्यूज हो जाते हैं। सही बात तो ये है कि अपनी कमजोरियां बताने के लिए ये सही जगह नहीं। लेकिन फिर भी अगर बतानी ही पड़े, तो कुछ ऐसी कमजोरियां पहले से ही सोचकर रखें जो कि आपके लिए प्लस अंक बन जाए। ऐसी कमी बताएं जिसे पूरा करने में कंपनी का फायदा हो।

### अगर आपको मिल जाए सवाल पूछने का मौका।

कई बार साक्षात्कार लेने वाला आपको सवाल पूछने का मौका दे देते हैं। ऐसी स्थिति आने पर अपनी तरक्की और कंपनी आपको भविष्य में क्या देगी, इन सबके बारे में ना पूछें। आपको कंपनी के फ्यूचर प्लान्स के बारे में पूछना चाहिए।

## दूसरों की सलाह पर ही न करें बदलाव



नववर्ष पर कैरियर को बेहतर बनाने हमें कुछ बातों पर गौर करना चाहिये। कैरियर बनाने के दौरान कई बार हमें सफल होने के लिए लोग सलाह देने लगते हैं। ऐसे लोगों का मानना रहता है इनकी वजह से हम खुद के प्रति रक्षात्मक हो जाते हैं और ऐसा व्यवहार करने लगते हैं, जैसे हम कुछ गलत काम कर रहे हों और हमें अपना रवैया या तौर-तरीका सुधारने की बहुत आवश्यकता है। यहां पर यह कहना सही नहीं होगा कि दूसरों के नजरिये या सुझाव हमेशा बेकार होते हैं पर हमें कोई भी बात आंख बंद कर स्वीकार नहीं करनी चाहिये हो सकता है जो बदलाव एक के लिए ठीक रहते हैं वह जरुरी नहीं दूसरे के लिए भी सफल ही रहें।

### भीड़ से अलग होना

एक क्षण के लिए सोचें कि हम जीवन को लेकर अलग तरीके से व्यवहार करते हैं, हमारी शुरुआत अलग होती है और हमारे जीवन के अनुभव भी अलग ही होते हैं।

### सलाह देना बन रहा चलन

लोगों को बदलाव की सलाह देना आजकल का चलन बनता जा रहा है। जरूरत से ज्यादा भावनाएं दर्शाने पर आप पर स्वभाव को लेकर एक प्रकार का ठप्पा लग सकता है।

### दूसरों के लिए बदलने का क्या मतलब

हमारी आदत है कि हम प्रोत्साहन को देखकर प्रतिक्रिया करते हैं। वर्ष 2011 में एक शोध हुआ कि कैसे समाज में सक्रिय लोग अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो लोग इस बात को लेकर ज्यादा परेशान रहते हैं कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। जो लोग अवसाद में होते हैं, वे अपने बारे में ज्यादा बेहतर जानते हैं, बजाय उनके जो अवसादग्रस्त नहीं हैं।

### एकदम बदलाव संभव नहीं

खुद को बदलना रातोंरात संभव नहीं होता, ना तो यह नए हेयर स्टाइल से संभव है और न ही वजन घटाने से या स्टायलिश दिखने से। बेशक इन बातों से हमें अच्छा महसूस हो सकता है, लेकिन हमारी आदतें और जीवनशैली वही रहेंगी और रह-रह कर तब तक उभर कर सामने आती रहेंगी, जब तक हम उन पर पूरी तरह से काबू नहीं पा लेते।

### ईश्वर का उपहार है हमारा अनूठापन

दूसरे हमें स्वीकार करें, इस दिशा में प्रयास करते हुए कई बार हम यही नहीं समझ पाते कि ऐसा करके हम तनाव में आ रहे हैं या राहत महसूस करते हैं? हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि अपनी बेहतरी के लिए कोई प्रयास ही नहीं करें। हम जिस तरह से अनूठे हैं, वह एक तरह से ईश्वर का हमें दिया उपहार है। इसे भी संजोएं।

# इन क्षेत्रों में हैं बेहतर संभावनाएं



अगर आपने विज्ञान विषय से 12वीं पास की है तो आप कई क्षेत्रों में बेहतर रोजगार हासिल कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक के इस युग में रोजगार के लिए परंपरागत क्षेत्रों की जगह इन क्षेत्रों में तेजी से मांग बढ़ रही है। ये नये क्षेत्र हैं।

### नैनो-टेक्नोलॉजी

एक रिपोर्ट के अनुसार नैनो टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के लगातार बढ़ने की उम्मीद है। नैस्कॉम के मुताबिक आने वाले समय में इस क्षेत्र में पेशेवरों की भारी मांग रहेगी। 12वीं के बाद नैनो टेक्नोलॉजी में बीएससी या बीटेक और उसके बाद इसी विषय में एमएससी या एमटेक करके इस क्षेत्र में शानदार करियर बनाया जा सकता है।

### एस्ट्रो-फिजिक्स

अगर आप सितारों और गैलेक्सी में दिलचस्पी रखते हैं तो 12वीं के बाद एस्ट्रो-फिजिक्स में रोमांचक करियर बना सकते हैं। इसके लिए आप चाहें तो पांच साल के रिसर्च ओरिएंटेड प्रोग्राम (एमएस इन फिजिकल साइंस) और चार या तीन साल के बैचलर्स प्रोग्राम (बीएससी इन फिजिक्स) में प्रवेश् ले सकते हैं। एस्ट्रोफिजिक्स में डॉक्टरेट करने के बाद स्टूडेंट्स इसरो जैसे रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन में साइंटिस्ट बन सकते हैं।

### पर्यावरण विज्ञान

इस स्ट्रीम में पर्यावरण पर इंसानी गतिविधियों से होने वाले असर का अध्ययन किया जाता है। इसके तहत इकोलॉजी, आपदा प्रबंधन, वन्य जीव प्रबंधन , प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इन सभी विषयों में एनजीओ और यूएनओ के प्रोजेक्ट्स बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं।

### वॉटर साइंस

यह जल की सतह से जुड़ा विज्ञान है। इसमें हाइड्रोमिटियोरोलॉजी, हाइड्रोजियोलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट, वॉटर क्वॉलिटी मैनेजमेंट, हाइड्रोइंफॉर्मेटिक्स जैसे विषयों की पढ़ाई करनी होती है। हिमस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में तेजी से मांग बढ़ रही है।

### माइक्रो-बायोलॉजी

माइक्रो-बायोलॉजी की फील्ड में एंट्री के लिए बीएससी इन लाइफ साइंस या बीएससी इन माइक्रो-बायोलॉजी कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद मास्टर डिग्री और पीएचडी भी का ऑप्?शन भी है। इसके अलावा पैरामेडिकल, मरीन बायोलॉजी, बिहेवियरल साइंस, फिशरीज साइंस जैसे कई फील्ड्स हैं, जिनमें साइंस में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स अच्छा करियर बना सकते हैं।

### डेयरी साइंस

डेयरी प्रोडक्शन के क्षेत्र में भारत अहम देश है। भारत डेयरी प्रोडक्शन में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। डेयरी टेक्नोलॉजी या डेयरी साइंस के तहत मिल्क प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज और डिस्ट्रिब्यूशन की जानकारी दी जाती है। भारत में दूध की खपत को देखते हुए इस क्षेत्र में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की डिमांड बढने लगी है। विज्ञान से 12वीं करने के बाद स्टूडेंट ऑल इंडिया बेसिस पर प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद चार वर्षीय स्नातक डेयरी टेक्नोलॉजी के कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। कुछ इंस्टीट्यूट डेयरी टेक्नोलॉजी में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर करते हैं।

### रोबोटिक साइंस

रोबोटिक साइंस का क्षेत्र काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसका इस्तेमाल इन दिनों तकरीबन सभी क्षेत्रों में होने लगा है। जैसे- हार्ट सर्जरी, कार असेम्बलिंग, लैंडमाइंस। अगर आप इस फील्ड में आना चाहते हैं तो इस क्षेत्र से जुड़े कुछ स्पेशलाइजेशन कोर्स भी कर सकते हैं।

# तेजी से बढ़ रहा टूर ऑपरेटर का क्षेत्र

पर्यटन का क्षेत्र आजकल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में टूर ऑपरेटर के तौर पर अच्छे अवसर उपलब्ध हैं। टूर ऑपरेटर्स वे पेशेवर होते हैं, जो पर्यटकों को दर्शनीय स्थलों तक घुमाने के लिए पैकेज तैयार करते हैं। एक टूर ऑपरेटर के तौर पर यह आपको ही तय करना होता है कि आपके काम करने का दायरा कहां तक सीमित होगा। टूर ऑपरेटर के तौर पर आपको पर्यटन स्थल तक लोगों को ले जाना होता है।

टूर ऑपरेटर का काम बड़ा दिलचस्प होता है। वह आकर्षक पैकेज तैयार करता है और उन्हें ट्रैवल एजेंट्स के माध्यम से या सीधे ही लोगों तक पहुंचाता है। यह भी ध्यान रखा जाता है कि जो भी पैकेज तैयार किया जाए, वह इतना आकर्षक हो कि पर्यटक ज्यादा से ज्यादा पर्यटन स्थलों को घूम सकें और यह महंगा भी ज्यादा न पड़े। इसमें पर्यटकों की सुविधा का इस तरह ध्यान रखना पड़ता है कि उनका हर टूर यादगार बन जाए और एक टूर ऑपरेटर के तौर पर आप हमेशा के लिए उन्हें याद रह जाएं। आजकल जिस तरह से देश-दुनिया में ट्रैवल एवं टूरिज्म का क्षेत्र बढ़ रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि 2019 तक यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्र बन जाएगा।

### योग्यता

टूर ऑपरेटर के तौर पर करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को यह बात पता होनी चाहिए कि केवल कोई विशेष कोर्स कर लेने भर से विशेषज्ञता हासिल नहीं हो जाती। हां, डिग्री, डिप्लोमा जैसी योग्यताएं हासिल करने के बाद इस रूप में काम जरूर किया जा सकता है। आप में बेहतर तरीके से चीजों को व्यवस्थित करने की योग्यता होनी चाहिए, घूमने-फिरने का शौक और अधिक से अधिक भाषाओं की जानकारी हो तो और बेहतर। बतौर टूर ऑपरेटर आपको खास राज्य, खास किस्म के थीम में विशेषज्ञता हासिल करनी होगी, मसलन यदि धार्मिक पर्यटन में आपकी महारत है तो बाजार में इस तरह के पर्यटन के लिए तुरंत आपका नाम लोगों के जेहन में आना चाहिए।

### अवसर

यहां आप सरकारी, निजी और मल्टीनेशनल कंपनियों में भी रोजगार तलाश सकते हैं। कुछ निजी कंपनियों जैसे कॉक्स एंड किंग्स, एयरलाइंस, ताज ग्रुप ऑफ होटल्स, मेक माई ट्रिप डॉट कॉम में नौकरियां हैं। इसके अलावा पर्यटन विभाग, होटल उद्योग, एयरलाइंस और ट्रैवल एजेंसियों में आपके लिए द्वार खुले हैं।

### कोर्स

आप विभिन्न संस्थानों से डिग्री, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। इसके प्रमुख कोर्स में शामिल हैं एडवांस डिप्लोमा इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, बेसिक कोर्स इन एयरलाइन ट्रैवल, फेयर्स एंड टिकटिंग मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और एयर ट्रैवल फेयर एंड टिकटिंग जैसे कोर्स प्रमुख रूप से किए जा सकते हैं।










# माधव विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में दी जानकारी



## ग्वालियर पुलिस ने चलाया सायबर काईम अवेयनेस प्रोग्राम

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर चलाये जा रहे सायबर काईम अवेयनेस प्रोग्राम के तहत आज दिनांक को रहे माधव विधि महाविद्यालय ग्वालियर में सायबर क्राईम अवेयरनेस विषय पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के कार्यालयीन स्टाफ एवं अध्ययनरत लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने सेमीनार में भाग लिया। इस सेमीनार का प्रारंभ अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर-पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डौतिया द्वारा अपने उद्बोधन से किया गया। एएसपी क्राईम द्वारा सेमीनार में उपस्थित सभी कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से जुड़ी विभिन्न केस स्टडीज से अवगत कराया। उन्होने वर्तमान में पुलिस के पास आने वाली सायबर अपराध संबंधी शिकायतों को साझा किया। जिनमें उनके द्वारा मुख्यतः सेक्सट्रार्सन, सोशल मीडिया फ्रॉड, कॉल सेंटर के माध्यम से फ्रॉड, लॉटरी फ्रॉड आदि के संबंध मे व्याख्यान दिया गया। सेमीनार में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को एएसपी क्राईम द्वारा स?मार्ट फोन को उपयोग करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतें इस विषय पर भी प्रकाश डाला गया साथ ही उनको सायबर अपराधों से बचने के उपायो से भी अवगत कराया और प्रोत्साहित किया। सेमीनार में उपस्थित ग्वालियर सायबर सेल प्रभारी उनि रजनी सिंह रघुवंशी द्वारा सेमीनार में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा संस्थागत कर्मचारियों को फायनेंशियल फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, जॉव फ्रॉड, मेट्रोमोनियल फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड, स्टॉकिंग, बुलिंग, रेनसमवेयर, मालवेयर आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं ग्वालियर पुलिस द्वारा सायबर अपराधों की रोकथाम के लिये किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। सायबर काईम अवेयनेस की ओर ग्वालियर पुलिस द्वारा प्रारंभ किये गये प्रोग्रामों का मुख्य उद्देश्य आने वाली नवीन पीढ़ी को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है। जिससे भविष्य में सायबर संबंधी अपराधों पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके। इस सेमीनार में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध के साथ-साथ प्रभारी सायबर सेल उनि0 रजनी सिंह रघुवंशी, आर. कपिल पाठक सायबर सैल, ग्वालियर तथा माधव विधि महाविद्यालय ग्वालियर की प्रिंसिपल डॉ. नीति पाण्डे व अन्य स्टाफ के साथ-साथ छात्र-छात्राऐं भी मौजूद रहे।




## मारूति मेडिकल द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री का किया वितरण



**पुष्पाजंली टुडे**


**बेंगलुरु**—विजय नगर मारूति मेडिकल द्वारा संचालित विद्या सुरक्षा योजना के तहत शुक्रवार को विजय नगर कॉलोनी क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों को महेंद्र मनोत ने शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर कॉलोनी के युवाओं ने महेंद्र मुणोत को माला पहनाकर सम्मानित किया गया । युवाओं ने महेंद्र मनोत को धन्यवाद दिया

## विधुत विभाग दबोह में सहायक लाइन मैन राजेन्द्र सिंह राणा का विदाई समारोह सम्पन्न



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-विधुत विभाग दबोह में पदस्थ सहायक लाइनमैन राजेन्द्र सिंह राणा का विदाई समारोह गुरुवार को दबोह विधुत विभाग कार्यालय में सम्पन्न हुआ।इस दौरान दबोह सुपरवाइजर अशोक द्वार समेत समस्त स्टाफ कर्मचारियों ने राजेन्द्र सिंह राणा का माल्यार्पण किया और उन्हें मिठाई खिलाई।साथ ही इंजीनियर अशोक डावर ने उन्हें शॉल श्रीफ़ल भेंट किया।इस दौरान लाइन मैन राजेन्द्र सिंह राणा ने अपनी ड्यूटी के दौरान हुए वर्षो के खट्टे मीठे अनुभव सबके साथ साझा किए।इस दौरान जूनियर इंजीनियर अशोक डावर,रिटायर्ड सहायक लाइन मैन आत्माराम झा, सहायक लाइन मैन लाखन कुशवाह, धर्मेंद्र बरसेना बाबू जी, प्रेम सिंह, उमेश, मनेंद्र, आसिब खान कम्प्यूटर ऑपरेटर, बासु कोठारी ,रामवीर, ज्ञान सिंह, भूपेंद्र,हसीन, अजय पाल आदि विधुत विभाग स्टाफ मौजूद रहा साथ ही इस दौरान राजभुवन यादव मौजूद रहे।



## केपी सिंह भदोरिया को जनता द्वारा मिल रहा है जबरदस्त समर्थन



**संतोष भदौरिया पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी /** कापरेटिव बैंक भिण्ड, जनपद पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समिति मेहगाव के पूर्व अध्यक्ष के.पी.सिंह भदौरिया ने जिला पंचायत भिण्ड के वार्ड क्र.13 सुकाण्ड के ग्राम गढी हरीक्षा इत्यादि में जनसंपर्क कर पुत्रवधु कामना सुनील सिंह भदौरिया को सदस्य पद हेतु चुनाव चिन्ह छाता के निशान पर मुहर लगाकर भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील कर देवतुल्य जनता जनार्धन से आशीर्वाद प्राप्त किया 7 आपको बता देंगे लगातार गत दिनों से देखने में आ रहा है कि भदोरिया द्वारा जबरदस्त तूफानी द्वारा किया जा रहा है जिसकी एवज में भदौरिया को सभी समाज वर्गों द्वारा जबरदस्त समर्थन दिया जा रहा है



# डॉक्टर्स डे पर धरती पर भगवान के रुप सेवा दें रहे डॉक्टर्स का लायंस क्लब इंद्रप्रस्त ग्वालियर ने कि सम्मान

## लायंस क्लब इंद्रप्रस्त ग्वालियर द्वारा कैंसर हॉस्पिटल के सभागार में धरती पर भगवान के रुप में सेवा दें रहे डॉक्टर्स का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे ग्वालियर के डॉक्टर्स का सम्मान किया गया



**अमित शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** कार्यक्रम का संचालन संस्था के मनसेवी सचिव लायंस श्री भूपेंद्र सिंह तोमर द्वारा किया गया.. कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रुप कैंसर हॉस्पिटल के संचालक डॉ वी आर श्रीवास्तव जी उपस्तित थे उन्होने अपने उदवोदन में सभी चिकित्सकों कों बधाई देते हुए कहा की डॉक्टर्स के लिए मरीज़ की सेवा ही प्रथम कर्तव्य है. साथ ही उन्होने सभी चिकित्सकों का प्रश्नसा पत्र देकर सम्मानित किया

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप संस्था के कोषाध्यक्ष लायंस श्री दीपक बिंदल उपस्तित थे कार्यक्रम में विशेष अथिति के रुप में कार्यक्रम सयोजक लायंस डॉ एम एल अग्रवाल जी उपस्तिथि थे कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में लायंस श्री राजीव सिंह तोमर जी उपस्थित थे.

कार्यक्रम कीअध्यक्षता संस्था अध्यक्ष लायंस श्री सी एस तोमर जी ने की साथ ही उन्होने सभी कों बधाई शुभकामनायें दी. कार्यक्रम में कुल 41 चिकित्सकों का सम्मान किया गया समान होने वाले डॉक्टर्स के नाम. डॉ गुंजन श्रीवास्तव, डॉ जी पी एस राजपूत, डॉ संजय सक्सेना, डॉ एस के सिंघल, डॉ





सभा एहमद, डॉ निधीसा अग्रवाल, डॉ प्रताप सिंह चौहान, बिरला हॉस्पिटल, डॉ विश्वास मुदगल संचालक स्पर्श हॉस्पिटल, डॉ ज्योत्स्ना सिंह, डॉ, ओमेन्द्र भूषण डॉ एम एल अग्रवाल डॉ विश्वजीत जलज, डॉ आर के जैन, डॉ राजीव सागड़िया डॉ रजनी अग्रवाल, डॉ मोनिका दीवान, डॉ संजीव गुप्ता, डॉ अंजुला जैन, डॉ अमरीता अग्रवाल,डॉ पंकज, डॉ नीरजा मौर्य, डॉ नैंसी लाल डॉ चंचल गर्ग, डॉ आदित्य श्रीवास्तव, डॉ पीयूष सिकरवार, डॉ स्वाति मुदगल, डॉ संदीप डॉ राकेश चौहान, डॉ सुनील तोमर, डॉ अशोक तोमर, डॉ प्रदीप तोमर डॉ संतोष तोमर, डॉ रश्मी तोमर,डॉ विक्रम सिंह तोमर डॉ मदुलिका सिंह आदि कों सम्मानित किया गया एबं उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया..

कार्यक्रम के अंत में लायंस डॉ अशोक सिंह तोमर जी द्वारा सभी आभार व्यक्त किया..

# प्रदेश में 3562 लोगों पर सिर्फ एक चिकित्सक कैसे मिले बेहतर इलाज

**भोपाल।** प्रदेश की आठ करोड़ 55 लाख की आबादी का इलाज करने के लिए निजी और सरकारी मिलाकर सिर्फ 24 हजार एलोपैथी डाक्टर ही हैं। यानी 3562 लोगों पर सिर्फ एक चिकित्सक है। पहली बार मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल ने इस साल डाक्टरों का पुनर्सत्यापन कराया तो यह आंकड़ा सामने आया है। हालत यह है कि सरकारी



अस्पतालों में एक डाक्टर को 100 से ज्यादा मरीज देखना प? रहा है। मेडिकल कालेज से स ंबद्ध अस्पतालों और जिला अस्पतालों के बुरे हाल हैं। मप्र मेडिकल काउंसिल में 55 हजार डाक्टर पंजीकृत हैं। काउंसिल के अधिकारियों का अनुमान था कि करीब 10 हजार डाक्टर दूसरे राज्यों में चले गए होंगे। कुछ का निधन हो गया होगा। इसके बाद भी कम से कम 45 हजार चिकित्सक मध्यप्रदेश में होंगे। काउंसिल द्वारा सत्यापन कराने से पहली बार डाक्टरों की वास्तविक संख्या सामने आई है।

### डॉक्टरों की कमी से यह दिक्कत

■ जिला अस्पतालों में एक डाक्टर को सवा छह घंटे की ड्यूटी में 70 से 150 तक मरीज देखना पड़ रहा है। एक मरीज को ओपीडी में करीब डेढ़ घंटे में इलाज मिल पा रहा है।

■ जिला अस्पतालों में एक से तीन रेडियोलाजिस्ट ही हैं। एक चिकित्सक को करीब 100 मरीजों की सोनोग्राफी करनी पड़ती है।

■ प्रदेश के सरकारी मेडिकल कालेजों में फैकल्टी के स्वीकृत पदों में से 40 प्रतिशत रिक्त हैं। इस कारण सर्जरी के लिए 15 दिन से डे? महीने तक मरीजों का इंतजार करना पड़ता है।

■ ज्यादा काम की वजह से डाक्टर तनाव में रहते हैं। इस कारण मरीज, उनके स्वजन और डाक्टरों के बीच विवाद की स्थिति बनती है।

■ मेडिकल कालेजों में पीजी और सुपर स्पेशियलिटी की सीटें नहीं बढ़ पा रही हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में डाक्टरों की कमी की वजह से ही सबसे ज्यादा शिशु मृत्यु दर मध्यप्रदेश की है।**

■ स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में विशेषज्ञों के 3615 पदों में से 2949 रिक्त हैं। इसी तरह से चिकित्सा अधिकारी के 5099 पदों में से 1090 खाली हैं।

■ जहां एलोपैथी डाक्टर काम करते थे वहां आयुष डाक्टरों से काम कराया जा रहा है।

### 23 मेडिकल कालेज होने के बाद भी यह हाल

प्रदेश में डाक्टरों की कमी को देखते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर नए मेडिकल कालेज खोल रही हैं। अभी 13 सरकारी और 10 निजी मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। डाक्टर तैयार भी हो रहे हैं, पर उनमें करीब 40 प्रतिशत डिग्री लेकर दूसरे राज्यों में चले जाते हैं। इसकी वजह यह कि निजी और सरकारी दोनों संस्थानों में वेतन कम है। सरकारी अस्पतालों में समयबद्ध पदोन्नति भी नहीं हो रही है। प्रदेश में अगले पांच साल में 13 सरकारी कालेज और खुलने जा रहे हैं। इसके बाद डाक्टरों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# आज से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

**भोपाल।** प्रदेश में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक एवं थर्माकोल से निर्मित चिन्हित वस्तुओं का उत्पादन, भण्डारण, परिवहन, क्रय-विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 को प्रदेश में कड़ाई से लागू किये जाने के संबंध में इन वस्तुओं के निर्माता, स्टॉकिस्ट, रिटेलर और विक्रेताओं पर छापामार कार्यवाही करने के निर्देश सभी निगम आयुक्त एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को जारी किये हैं। निर्देश अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक स्टिक वाले ईअर बड, बैलून में उपयोग होने वाली प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झण्डे, केण्डी स्टिक, आइस्क्रीम स्टिक, सजावट में उपयोग होने वाला थर्माकोल, प्लास्टिक की प्लेट्स, कप, गिलास, फोर्क, चम्मच, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डब्बे, निमंत्रण-पत्र, सिगरेट पैकेट को कवर करने वाली पेकिंग, प्लास्टिक स्टिकर्स एवं 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक एवं पीबीसी के बैनर प्रतिबंधित कर दिये गये हैं।



## कमलनाथ पर सीएम शिवराज का तंज

# जो एमपी में अपनी सरकार नहीं बचा पाए उनको महाराष्ट्र भेजा

**जबलपुर।** महाराष्ट्र में हुई राजनीतिक उठापटक के बाद गुरुवार शाम एकनाथ संभाजी शिंदे ने राज्य के 20वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद संभाला. इस उठापटक को रोकने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को कमान सौंपी थी. लेकिन, वह ऐसा करने में सफल नहीं हो सके. अब उन पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा है. उन्होंने गुरुवार को जबलपुर में कहा- 'ये हैरानी की बात है कि कांग्रेस ने उस कमलनाथ को महाराष्ट्र की सरकार बचाने भेजा, जो खुद अपनी सरकार नहीं बचा सकाज बेचारे ऊद्धवज्कांग्रेस के पास केवल एक 'नाथ' है, बाकी कांग्रेस 'अनाथ' है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बात गुरुवार को जबलपुर में कही. वे नगरीय निकाय चुनाव के चलते जबलपुर पहुंचे और रोड शो किया. शाम करीब सवा छह बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचने के बाद उनका रोड शो कांचघर चुंगी से शुरू हुआ और वे पूर्व विधानसभा होते हुए फिर उत्तर विधानसभा पहुंचे.





तकरीबन 23 किलोमीटर लंबे इस रोड शो में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर शहर की 3 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया. उन्होंने आम जनता से बीजेपी को वोट देने की अपील की. तकरीबन 4 घंटे चले रोड शो का समापन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा पूजन कर किया।

### आचार संहिता का सीएम ने किया पालन

आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रात 10 बजे से पहले ही अपना रोड शो खत्म कर दिया था. उसके बाद उन्होंने अपनी कार से ग्वारीघाट तक का सफर किया और नर्मदा पूजन कर रोड शो का समापन किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि जब कमलनाथ को महापौर के चुनाव में इंटरेस्ट नहीं है तो फिर आखिरकार जबलपुर क्यों आए थे. मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि बीजेपी 16 नगरीय निकायों में जीत दर्ज करेगी।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का हाल 'हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे' जैसा है. महाराष्ट्र में सरकार गंवाने के पीछे कांग्रेस का हाथ है. कमलनाथ पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि जो मध्य प्रदेश की सरकार नहीं बचा सके, वह महाराष्ट्र की सरकार बचाने गए थे. उद्धव की सरकार को कांग्रेसी ले डूबी है।

# एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

**एटा।** सरकार द्वारा चलाई जा रही 102 एम्बुलेंस सेवा आज एक परिवार के लिए वरदान साबित हुई। 102 एम्बुलेंस पर तैनात ईएमटी ने रास्ते में ही प्रसव पीड़ा होने पर सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित। 102 एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी संजू कुमारी जो कि सीएचसी अलीगंज की 102 एम्बुलेंस पर तैनात हैं कॉल सेंटर से सूचना मिली कि ब्लाक अलीगंज भरापुरा के निवासी किरन पत्नी रामशंकर के प्रसव पीड़ा हो रही है। चालक मनोज पाण्डेय के साथ ईएमटी संजू कुमारी महज 15 मिनट में पहुँच गए भरापुरा से अस्पताल लाते समय बीच रास्ते में ही अचानक किरन के प्रसव पीड़ा और तेज होने लगी तो दोनों कर्मचारियों ने एम्बुलेंस को रास्ते में ही रुकवा कर अपनी सुझबुझ का परिचय देते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया व जच्चा बच्चा की जान बचाई। फिर एम्बुलेंस से ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया जच्चा बच्चा की हालत बिल्कुल सुरक्षित है। घर वालों का



कहना है एम्बुलेंस कमर्चारियों की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। इसी मामले में जब जिला एटा के कार्यक्रम प्रबंधक विष्णु कुमार जी से पूछा गया तो उन्होंने ने जानकारी दी कि एम्बुलेंस पर तैनात ईएमटी को हैदराबाद में सफल प्रशिक्षण दिया जाता है उसके ही बाद एम्बुलेंस पर तैनाती दी जाती है जिससे कि रास्ते में होने वाली कठिनाइयों से सफलता पूर्वक निपटा जा सके।

# थाना गोला का मंदिर पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, लूटेरो के पास से 48 हजार रूपये नगद किये बरामद

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** नगरीय निकाय चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक ग?वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर चोरों व लूटेरो विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 30.06.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोला का मंदिर के लूटेरो व डकैती के प्रकरण में फरार लूटको थाना गोला का मंदिर क्षेत्रांर्तगत पटरी रोड़ पर किसी संगीन बारदात को अंजाम देने की फिराक में घूमते देखा गया है। उक्त सूचना पर से एसपी ग्वालियर द्वारा *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया* को थाना गोला का मंदिर पुलिस से उक्त सूचना की तस्दीक कराते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक, मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोला का मंदिर निरी0 मिर्जा आसिफ बेग द्वारा मय थाना बल के मुखबिर के बताये स्थान पटरी रोड़ पर घेराबंदी कर उक्त घटना के दो आरोपियो को धरदबोचा। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा फरियादी के साथ लूट व डकैती की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों की निशादेही पर उनके पास से लूटी गई रकम मे से 48 हजार रूपये को बरामद कर लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों को थाना गोला का मंदिर के अपराध क्रमांक 402/22 धारा 394 भादवि, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट मे गिरफ्तार किया जाकर उससे घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि दिनांक 27.06 2022 को फरियादी द्वारा थाना गोला का मंदिर आकर रिपोर्ट की गई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे लिफ्ट लेकर कट्टे की नोंक पर उसे मिलिट्री ग्राउंड सरला फार्म ले जाया गया, जहां उसके व उसके 4-5 साथियों द्वारा कट्टे की नोंक पर फरियादी से उसके खाते में जमा रूपये यूपीआई के जरिये ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिये कहा गया। मेरे खाते में रूपये न होने की वजय से मेरे द्वारा अपने दोस्तों से 01 लाख 25 हजार रूपये अपने खाते में मंगवाये गये जिसे उन लोगों द्वारा जबरन यूपीआई के जरिये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया गया तथा मेरी जेब में रखे हुए 10 हजार रूपये नगद भी उनके द्वारा लूट लिये गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना गोला का मंदिर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 402/22 धारा 394 भादवि, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी ।

### सराहनीय भूमिकाः

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोला का मंदिर निरी0 आसिफ मिर्जा बेग, उनि0 बृजमोहन शर्मा, हरेन्द्र भदौरिया, का0प्रआर0 इन्द्रपाल सिंह, शशिकांत शर्मा, सतेन्द्र राजावत, गिरार्ज सिंह, भानू सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही ।

## आर टी ई के तहत अब 5 जुलाई तक होंगे आवेदन

# 9 जुलाई तक कराना होगा दस्तावेजों का सत्यापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिक्षा के अधिकारी अधिनियम के तहत निजी शालाओ में मे 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन जारी है, आवेदन हेतु 30 जून तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 5 जुलाई कर दिया गया है । अभी तक शिवपुरी जिले में 1505 कुल आवेदन दर्ज हुए है एवं सत्यापन 1042 का हुआ है , सत्यापन की संख्या को कम देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 5 जुलाई कर दिया है, वहीं 9 जुलाई तक दस्तावेज का सत्यापन पूर्व से निर्धारित जन शिक्षा केंद्रों पर होगा । निर्वाचन मे सत्यापन अधिकारीयों की ड्यूटी होने के कारण कई आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो सका था इस कारण से तिथि को 5 जुलाई तक बढ़ाया गया है । शिवपुरी विकास खंड के बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर ने अवगत कराया है कि शिवपुरी विकास खंड मे कुल दर्ज आवेदन 561 जिसमे से 391



आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है , सभी पालक गण से अपील है कि शिवपुरी विकास खंड के शा उमावि कन्या कोर्ट रोड , शा उमावि क्रमांक 2 शिवपुरी एवं शा उमावि आदर्श नगर पुरानी शिवपुरी एवं अन्य जन शिक्षा केंद्रों पर सत्यापन केंद्र बनाए गए जहां आप सत्यापन करा सकते है एवं अधिक से अधिक छात्रों को आर टी ई की निः शुल्क प्रक्रिया के तहत प्रवेश लेने हेतु प्रेरित करें । सत्यापन उपरांत 14 जुलाई को ऑनलाइन लॉटरी जारी होगी , अभिभावकों के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र , अपात्र का संदेश प्राप्त होगा । पात्र छात्र 23 जुलाई तक रिपोर्टिंग कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे । प्रथम चरण मे जिन आवेदकों का नाम नहीं आएगा बह दूसरे चरण की प्रक्रिया मे शामिल होंगे , किसी भी समस्या हेतु आर टी ई प्रभारी अरविन्द वर्मा 9893979696 से संपर्क कर सकते है ।

# प्रायवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 5 जुलाई तक

**भोपाल।** शिक्षा का अधिकार कानून शिक्षा का अधिकार कानून में सत्र 2022-23 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 5 जुलाई तक किए जा सकेंगे। पूर्व में यह तिथि 30 जून तक निर्धारित थी। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि पात्रतानुसार निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन ऑनलाइन लॉटरी द्वारा 14 जुलाई को किया जायेगा। वर्तमान में स्थानीय निकाय निर्वाचन प्रक्रिया में शासकीय सेवकों की ड्यूटी और कई पालकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के बाद सत्यापन कार्य नहीं कराए जा सकने की स्थिति में छात्र हित को देखते हुए समय-सारणी में संशोधन किया गया है। समय-सारणी अनुसार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार 5 जुलाई तक किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद निकट के सत्यापन केंद्र में सत्यापनकर्ता अधिकारियों से 9 जुलाई तक सत्यापन कराए जा सकेंगे। रेंडम पद्धति से 14 जुलाई को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया जाएगा।

(17 वें दिन भाजपा महापौर पद की प्रत्याशी का जनसंपर्क)

# ग्वालियर महानगर को विकास के मामले में अग्रणी स्थान पर पहुंचाना मेरा उद्देश्यः श्रीमती सुमन शर्मा



**ग्वालियर।** महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने आज अपना जनसंपर्क करौली मंदिर, महलगांव में दर्शन कर शुरू किया। आज उन्होंने पंतनगर, कुंदन नगर, गंगा विहार, राघवेंद्र नगर एवं सरस्वती नगर में जनसंपर्क किया। महापौर प्रत्याशी के करौली मंदिर पहुंचते ही क्षेत्रीय जनता ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी गिर्राज कंसाना, विनोद शर्मा, हरीश मेवाफरोश, संजय शर्मा, दिलीप शर्मा, विवेक शर्मा, महेश तोमर, राजीव कंसाना, राजेंद्र उपाध्याय, अशोक मेहता, पंकज शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उसके बाद श्रीमती सुमन शर्मा ने मुख्यमंत्री ग्रीन महासंपर्क अभियान, दीनदयाल नगर पार्क में भाग लिया। इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं समस्त पार्षद प्रत्याशियों ने पौधरोपण किया एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह, प्रदेशाध्यक्ष श्री वीडी शर्मा जी का वर्चुअल उद्बोधन सुना। इस अवसर पर सांसद सुमित्रा बाल्मीकी, प्रदेश मंत्री मदन कुशवाह, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, चुनाव प्रभारी विजय दुबे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, अरूण चतुर्वेदी, वेदप्रकाश शर्मा, अभय चैधरी, जय सिंह कुशवाह, प्रदेश प्रवक्ता आशीष अग्रवाल, जितेंद्र गुर्जर, आशीष प्रताप सिंह राठौर, अशोक शर्मा, राजू सेंगर, हरीश मेवाफरोश, विनोद शर्मा, प्रतीक तिवारी, मधुसूदन सिंह भदौरिया, रामेश्वर भदौरिया, बिरजू शिवहरे, मोनू पटेरिया, आशीष मल्होत्रा, राकेश जादौन, अशोक जादौन सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर ग्वालियर नियम परिषद के चुनाव में महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने कहा है कि उन्होंने जब से राजनीति एवं सार्वजनिक जीवन के क्षेत्र में कदम रखा है, तभी से जनसेवा, लोककल्याण, समाज के जरूरतमंद वर्ग तक आधारभूत सुविधाएं पहुंचाने एवं ग्वालियर महानगर को विकास के मामले में अग्रणी स्थान पर पहुंचाने के लिए पूरी शक्ति से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर हमारा शहर है और इसे सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाना मेरा सपना है। श्रीमती सुमन शर्मा ने कहा कि ग्वालियर का एक एक नागरिक उनके परिवार का सदस्य है और उसके दुख दर्द के निवारण के साथ उन्हें पानी, बिजली, सीवर, सड़क सहित सभी बुनियादी सुविधाओं को मुहैया कराना उनका संकल्प है। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शर्मा ने सम्माननीय मतदाताबंधुओं व माता बहनों से विनम्र भावुक अपील की कि आगामी 6 जुलाई को होने वाले मतदान में कमल चुनाव चिन्ह के सामने वाला बटन दबाकर ग्वालियर की सेवा का सुअवसर प्रदान करे। मेरे साथ पार्षद पद के सभी भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर ग्वालियर के विकास के नवअध्याय का सूत्रपात करें। आज महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने कहा कि वार्ड क्रमांक-36, सीए की बैठक, वार्ड क्रमांक-21 इंद्रमणि नगर, बड़ा गांव, वार्ड क्रमांक-23, वार्ड क्रमांक-45 एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स में सिंधी समाज की बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, पार्षद प्रत्याशी समेत हरिओम झा, जयंत शर्मा, मनोहर रोहिला, दिलीप कुकरेजा, डॉ. सुनील शर्मा सहित अनेक वरिष्ठगण उपस्थित थे।

## गुड़ी गुड़ा नाके पर अधेड़ को लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा, वीडियो हुआ वायरल

**ग्वालियर।** माधौ थाना क्षेत्र में गुढ़ागुढ़ी के नाके पर अधेड़ से हुई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि यह वीडियो कब का है और किस व्यक्ति से मारपीट हो रही है। इसका पता नहीं चला है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब पिटने वाले युवक की तलाश कर रही है। जिससे आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सके और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। हालांकि पीड़ित भी पुलिस के पास नहीं पहुंचा है। ग्वालियर। माधौ थाना क्षेत्र में गुढ़ागुढ़ी के नाके पर अधेड़ से हुई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि यह वीडियो कब का है और किस व्यक्ति से मारपीट हो रही है। इसका पता नहीं चला है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार दोपहर में इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो गुढ़ागुढ़ी के नाके का है। गुढ़ागुढ़ी के नाके पर कुछ लोगों ने एक बाइक सवार अधेड़ को रोक लिया। हालांकि बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया। लेकिन आरोपितों ने उसे धक्का दे दिया। जिससे उसकी बाइक गिर गई। वह भी डिवायडर के पास जा गिरा। इसके बाद चार पांच लोगों ने डंडों से उससे मारपीट करना शुरू कर दिया। सभी आरोपितों ने अधेड़ को जमकर पीटा।

# कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक युवाओं से पूछ रहे सवाल- पहले सिम कार्ड कितने का रीचार्ज होता था और अब कितने का होता है



**ग्वालियर।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक भी महापौर व पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क कर रहे हैं। गुरुवार की शाम को प्रवीण पाठक ने दानाओली में जनसंपर्क किया। इस दौरान बबलू साहनी ने मंच सजा रखा था। कांग्रेस कार्यकर्ता माइक सिस्टम लेकर साथ लेकर चल रहे थे। दानाओली में जनसंपर्क के दौरान युवा जमा थे। कांग्रेस विधायक ने माइक लेकर युवाओं को संबोधित करने की बजाय एक मास्टर की तरह उनसे सवाल करने शुरू कर दिए। विधायक ने पूछा कि भाजपा शासनकाल से पहले कितने का पेट्रोल मिलता था और अब कितने का मिलता है। पेट्रोल के दामों की वृद्धि के लिए कौन जिम्मेदार है। युवाओं से दूसरा सवाल किया कि पहले सिम कार्ड कितने में रिचार्ज हो जाता था। वैलिडिटी का चार्ज लगता था क्या। अब कितना लगता है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। अब वक्त आ गया है ऐसी सरकार को बदलने का।

विधायक सतीश सिकरवार बीमार, छोटे भाई ने संभाली प्रबंधन की कमानः नगरीय निकाय चुनाव में जब जनसंपर्क व चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है, उस समय कांग्रेस को झटका लगा है। बुधवार को फूलबाग मैदान पर हुई पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की सभा से एक दिन पहले कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी शोभा सिकरवार के पति व विधायक सतीश सिकरवार को प्रचार के दौरान चक्कर आ गए और वह गिर गए। इसके बाद उन्हें डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां उनके पेट में इंफेक्शन व पथरी की शिकायत आई है। अभी वह अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज होने में करीब चार दिन लग सकते हैं। इसके कारण प्रबंधन की कमान इस समय उनके छोटे भाई सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) संभाल रहे हैं।

मतदान दलों ने डाले 1167 डाक मतपत्रः मतदान के लिए ड्यूटी पर जाने वाले दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों से निर्वाचक कर्तव्य मतपत्र (डाक मतपत्र) डलवाने का काम भी शुरू हो चुका है। अभी तक 1167 डाक मतपत्र डल चुके हैं, जो आइआइटीटीएम सभागार में डलवाए जा रहे हैं। गुरुवार को 787 मतपत्र डाले गए। डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी प्रदीप तोमर ने बताया कि निर्वाचक कर्तव्य मतपत्र डलवाने की प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसके हर मतदान दल को मतदान करने के लिए कहा गया है। वहीं निर्वाचन व्यय में अब चाय, नाश्ता और खाना को भी जोड़ा गया है।

# गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा, वेदी की शुद्धि की गई

ग्वालियर। जैन मंदिर के नवनिर्माण, नवीन वेदी व अष्टधातु के निर्माण पर गुरुवार को गुड़ागुड़ी का नाका स्थित गीता भवन से गाजेबाजे के साथ मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा अलग-अलग मार्गों से होते हुई इंद्रलोक गार्डन पहुंची। शोभायात्रा में महिलाएं केशरिया साड़ी में सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थीं। ढोल ताशों की धुन पर महिलाएं और बालिकाएं डांडिया कर रही थीं। वहीं मंदिर से भगवान जिनेंद्र को सिर पर विराजित कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। आवरण व दीप प्रज्वलित कार्यक्रम स्थल पर मुनिश्री विनय सागर महाराज व क्षुल्लक समर्पण सागर महाराज के सानिध्य में विधानचार्य प्रतिष्ठाचार्य अजित कुमार शास्त्री व सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित चंद्रप्रकाश जैन ने किया। मंडप का उद्घाटन कपूरचंद अलका जैन परिवार ने किया। भगवान पार्श्वनाथ के चित्र का अनावरण वीरेंद्र जैन व पुरुषोत्तम जैन ने किया।



गुरुओं का सहारा लेने वाला डूबने से बचता हैः गणिनी आर्यिकाश्री विज्ञमति माताजी ने गुरुवार को जैन धर्मशाला मुरार में धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति की श्रद्धा टूट जाती है, वह जिंदगी से टूट जाता है। जीवन में उन सहारों को मत खोजो जो डुबा देते हैं। धर्म के सहारे चलोगे तो किनारे तक पहुंच जाओगे। धर्म गुरुओं का सहारा लेने वाला डूबने से बच जाता है। माताजी ने कहा कि सिद्धंत रत्न भारत गौरव गणिनी आर्यिकाश्री विशुद्धमति माता अपने भक्तों को अपने जैसा बनाने आई हैं। उनकी भावना को आपको समझना होगा। भक्त और भगवान के बीच ऐसा रिश्ता होना चाहिए, जिसे कोई तोड़ न सके। माताजी ने धर्मसभा में मौजूद भक्तों से पूछा कि श्रावक कौन होता है। इसका शाब्दिक अर्थ क्या है। जब उत्तर नहीं मिला तो उन्होंने बताया कि श्र का मतलब श्रद्धावान, व का अर्थ विवेकवान और क का मतलब क्रियावान होता है। इनमें से आपमें एक भी है तो आप श्रावक हैं। जब जैन दर्शन में इनकी व्याख्या करेंगे तो ये तीनों धाराएं जरूरी हैं। इसी तरह मोक्षमार्ग में सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान व सम्यक चारिर्त्य की एक धारा होगीं।

## यह संकल्प पत्र मध्यप्रदेष की जनता की आकांक्षाओं और आवष्यकताओं का संकल्प पत्र है

**ग्वालियर।** हम संकल्प पत्र के माध्यम से इस नगरीय निकाय चुनाव में नगरीय विकास एवं स्वच्छता प्रबंधन, युवा, उद्योग एवं रोजगार, नगरीय निकायों में सुशासन एवं कुशल प्रबंधन, मूलभूत सुविधाओं का विकास एवं निर्माण, सुगम यातायात, सशक्त महिलाएं, जनजातीय समाज के कल्याण हेतु, अंत्योदय एवं गरीब कल्याण आदि जैसे इस संकल्प पत्र के साथ हम प्रदेश की 16 नगर निगम, 76 नगर पालिका एवं 255 नगर परिषद में जनता के बीच जा रहे हैं, इससे अलावा इन नगरीय निकायों में पिछले पांच साल के कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए हैं, उनको लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं और हमें पूर्ण विश्वास है जैसे कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछली बार भी 16 की 16 नगर निगम जीती थी, उसकी प्रकार इस बार भी हम 16 की 16 नगर निगम जीत रहे हैं। इस बार भी ग्वालियर में हमारी महापौर श्रीमती सुमन शर्मा बहुमत से एवं भाजपा पार्षद प्रत्याशी भी जीतेगें । उक्त बात आज सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने होटल एंबीयंस में भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र पत्रकारों के समक्ष संकल्प पत्र प्रस्तुत करते हुए कही। इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, चुनाव प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, अरूण चतुर्वेदी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, प्रदेश प्रवक्ता आशीष अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चैधरी, एवं राकेश जादौन, पवन सेन उपस्थित थे।




## संक्षिप्त समाचार

### जेयू में आर्यभट्ट छात्रावास के छात्रों ने किया प्रदर्शन

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट छात्रावास में खराब भोजन मिलने एवं गंदा पानी आने की समस्या को लेकर विद्यार्थियों ने गुरुवार को जेयू के प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन किया। इस पर जेयू के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी, कुलसचिव सुशील मंडेरिया एवं छात्रावास अधीक्षक केएस ठाकुर ने विद्यार्थियों की समस्या का सात दिन के भीतर समाधान करने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों का आरोप था कि जीवाजी विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट कालेज में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बहुत ही खराब है। आरओ खराब पड़ा है। कुलपति प्रोफेसर अविनाश तिवारी ने हास्टल की बोरिंग को ठीक करा दिया है। छात्रों के लिए नया आरओ लगा दिया जाएगा। बीए द्वितीय, तृतीय व बीएससी तृतीय वर्ष का परिणाम घोषितः जेयू ने बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के नियमित व प्राइवेट छात्रों के साथ बीएससी तृतीय वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार परिणाम 83 प्रतिशत से अधिक रहा है। बीएससी तृतीय वर्ष का 83 परिणाम रहा है। बीएससी तृतीय वर्ष की 15640 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 15364 परिणाम घोषित किया गया। 12752 छात्र पास हुए हैं। बीए द्वितीय वर्ष का परिणाम 91.5 प्रतिशत रहा है। परीक्षा 24688 छात्रों ने दी थी। इनमें से 24461 का परिणाम आया है। 22381 छात्र पास हुए हैं। बीएस तृतीय वर्ष प्राइवेट की 8174 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 7939 छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। 6811 छात्र पास हुए हैं। द्वितीय वर्ष प्राइवेट का परीक्षा परिणाम 85 .7 प्रतिशत रहा है। बीए द्वितीय वर्ष का परिणाम 92 प्रतिशत रहा है, इसमें 25092 छात्र शामिल हुए थे। स्नातकोत्तर की सीटें हुई आवंटित- उच्च शिक्षा विभाग ने नए सत्र के लिए स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की सीएलसी द्वितीय चरण के तहत सीटों का आवंटन कर दिया है। एमएलबी में 254, केआरजी में 297, साइंस कालेज में 202 और भगवत सहाय में 48 सीटें आवंटित हुई हैं। इससे पूर्व प्रथम चरण में यूजी-पीजी की सीटों का आवंटन हो चुका है। सीएलसी के तीसरे चरण के लिए रजिस्ट्रेशन के प्रक्रिया शुरू कर दी है। 11 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।



### भाजपा ने अजा वर्ग को हक दिलाने के साथ उन्हें समाज में मान-सम्मान दिलायाः सुमित्रा बाल्मीकी

**ग्वालियर।** राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकी ने आज महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में महानगर में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क की शुरूआत उन्होंने बाल्मीकी मंदिर कंपू में दर्शन कर शुरू की। आज उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रीन महासंपर्क अभियान, दीनदयाल नगर में पौधरोपण भी किया। उसके बाद वार्ड क्रमांक-40, वार्ड क्रमांक-36 गेंडे वाली सड़क, वार्ड क्रमांक-39 गोल पहाड़िया, वार्ड क्रमांक-50 दर्जी ओली, वार्ड क्रमांक-33 खल्लासीपुरा, वार्ड क्रमांक-52 नदरिया की माता, वार्ड क्रमांक-20 नदीपार टाल, वार्ड क्रमांक-26 गोगादेवी का पार्क, वार्ड क्रमांक-10 घासमंडी, किलागेट पर संपर्क करते हुए महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को स्थानीय जनता से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने बैठकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि शहर सरकार की कमान साफ सुधरे हाथों में हो ताकि ग्वालियर की विकास में चुनी हुई नगर निगम नई इबारत लिख सके। आपका एक एक वोट शहर विकास और जन सुविधाए बढ़ाने वाला हो। शहर हित सभी नागरिकों का प्रथम कर्तव्य है, इन्ही मूल विषयों पर सभी नागरिक अच्छे साफ सुथरी छवि के योग्य महापौर प्रत्याशी सुमन शर्मा एवं समस्त भाजपा पार्षदों को चुन कर नई नगर निगम बनाने में अपना अहम रोल निभाएं। भाजपा शासित मध्यप्रदेश सरकार एवं केंद्र की मोदी सरकार ने सदैव अनुसूचित जाति वर्ग की पिछली पंक्ति के शोषित वंचित लोगों की भलाई एवं उनके उत्थान के लिए काम किया है और अजा वर्ग की भलाई के लिए अनेक योजनाएं चलाईं जिसके कारण इस वर्ग के लोगों को काफी फायदा हुआ। इसलिए इस निगम चुनाव में समाज का अनुसूचित जाति वर्ग भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में भारी मतदान कर उन्हें नगर सरकार की कमान सौंपेगा। इस अवसर पर हरीश मेवाफरोश, संतोष गोडयाले, पप्पू बड़ौरी, मंडल अध्यक्ष मनोज मुटाटकर, अन्नू करोसिया, मुकेश करोसिया, भावना कन्नौजिया, भीकम खटीक, राकेश माहौर, शैलेंद्र बड़ौरी, जनवेद चैरसिया, रोहन धोलपुरिया, राजा खटीक, दिनेश वारसी सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यह जुलाई महीना मातृशक्ति को समर्पित-डॉ. नरोत्तम मिश्रा

**ग्वालियर।** हमारा मानना है कि नारी का सम्मान जहां, समाज का उत्थान वहां, यहां पर दो मातृशक्ति मंच पर है एक तो महापौर प्रत्याशी सुमन शर्मा और दूसरी इस वार्ड की प्रत्याशी रेखा त्रिपाठी। यह दोनों 15 जुलाई मतगणना के दिन जीतने वाली हैं और 18 जुलाई को एक और मातृशक्ति इस देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया बनने जा रही हैं। यह जुलाई का महीना मातृशक्ति को समर्पित है। यह बात प्रदेश सरकार के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने होटल लैंडमार्क एनएक्स में अग्रवाल महिला स्नेह सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478